अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 27 लखनऊ, गुरुवार, 07 अगस्त 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है कांवड़ यात्रा : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● सीएम योगी ने बरेली में 2,264 करोड़ की 545 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास



बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नाथ नगरी बरेली में 2264 करोड़ की लागत से जुड़ी 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की तुष्टीकरण की राजनीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।

सीएम योगी ने कांवड़ यात्रा की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों की भावनाओं के वितरीत कांवड़ यात्रा को बदमान करने का कुत्सित प्रयास किया गया, लेकिन आज कांवड़ यात्रा की सफलता जागरुक समाज और बेहतरीन कानून-व्यवस्था से उन लोगों के मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया। डबल इंजन की भाजपा सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है। 2017 से पहले बरेली हर तीसरे महीने दंगों की आग में जलता था, अब वह नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब किसी योजना में जाति, मजहब या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। यह नया भारत है, जो सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज बरेली में तेजी के साथ विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बरेली को ?2264 करोड़ की 545 परियोजनाओं का तोहफा मिला है, जिसमें ?1258 करोड़ की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण और ?1004 करोड़ की 322 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इनमें नाथ गलियारा, बाढ़ सुरक्षा, ब्रिज, बाईपास, सड़क चौड़ीकरण, युनानी मेडिकल कॉलेज, ग्रामीण पेयजल योजना, ऊर्जा विभाग और नगर निगम की योजनाएं शामिल हैं। नाथ गलियारे के अंतर्गत अलखनाथ, त्रिपठीनाथ, गोपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ जैसे मंदिरों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को माफिया मुक्त और भय मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में एक माफिया नियुक्त रहता था, अब यूपी की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट से हो रही है।

## सपा की पीडीए पाठशाला में ग से गणेश नहीं ग से गधा पढ़ाया जा रहा है : आदित्यनाथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● सीएम योगी ने मुरादाबाद में किया 1176 करोड़ की 110 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला में ग से गणेश नहीं ग से गधा पढ़ाया जा रहा है। इसीलिए पूरी समाजवादी पार्टी की बुद्धि गधे जैसी ही हो गई है। सपा के पास कोई एजेंडा नहीं है। यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुरादाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुरादाबाद जनपद के बिलारी तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम पीपली में अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया और बच्चों से संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद महानगर के 24 पीएसी ग्राउंड में 1176 करोड़ की 110 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। विभिन्न लाभार्थियों को अनेकों योजनाओं के प्रतीकात्मक चेक आदि वितरित किए और जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा 2017 से पहले मुरादाबाद का पीतल कारोबार दम तोड़ रहा था। आज वन जिला वन प्रोडक्ट के तहत मुरादाबाद का पीतल कारोबार दोबारा से पूरी दुनिया में छा गया है।

डबल इंजन की सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी, हाईवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, फ्लाईओवर से प्रदेश का आधारभूत ढांचा तेजी से बदल रहा है। बरेली को पार्श्वनाथ भगवान की पावन भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी राम, कृष्ण, बुद्ध और जैन तीर्थंकरों की जन्मभूमि और तपोभूमि है।

## संक्षिप्त

### सीएम योगी का रक्षाबंधन पर बहनों को तोहफा, तीन दिन फ्री चलेगी रोडवेज बस

बरेली। रक्षाबंधन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। बुधवार को बरेली कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने मंच से ऐलान किया कि इस बार रक्षाबंधन पर रोडवेज की बसों में महिलाओं को दो नहीं, बल्कि पूरे तीन दिन तक मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह सुविधा 8 अगस्त की सुबह 8 बजे से शुरू होकर 10 अगस्त की रात 12 बजे तक लागू रहेगी। अब तक यह सुविधा सिर्फ दो दिन के लिए मिलती थी, लेकिन इस बार महिलाओं की मायके से ससुराल और वापसी को ध्यान में रखते हुए इसकी अवधि बढ़ा दी गई है।

### ज्ञानवापी वुजुखाना सर्वे मामले में अब 23 सितम्बर को सुनवाई

प्रयागराज। वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित वुजुखाना के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग वाली राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अब 23 सितम्बर को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ को बुधवार को सुनवाई के समय बताया गया कि प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय का अंतरिम आदेश अभी भी प्रभावी है। इस जानकारी के बाद कोर्ट ने मामले को 23 सितम्बर को दोपहर दो बजे पुनः सूचीबद्ध किए जाने का आदेश दिया।

### जिस दिन मैं चाहूंगी, उसी दिन सत्ता से हटाया जा सकेगा : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को झाड़ग्राम में एक रैली से भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्हें सत्ता से केवल वही दिन हटाया जा सकता है, जिस दिन वह स्वयं चाहेंगी। भाषा आंदोलन के तहत निकाली गई पदयात्रा के बाद ममता ने आरोप लगाया कि आज बंगला भाषा में बात करने पर लोगों को जेल भेजा जा रहा है और 'बांग्लादेशी' या 'रोहिंग्या' कहा जा रहा है।

### खाटू श्याम मंदिर के लिए रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बनाई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भाजपा सदस्य रामवीर सिंह बिधूड़ी के प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि रींगस-खाटू श्याम मंदिर के लिए नया रेलवे लाइन प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है।

## कर्तव्य भवन जन सेवा के प्रति हमारे अटूट संकल्प का प्रतीक: प्रधानमंत्री



एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने कर्तव्य पथ पर निर्मित कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कर्तव्य भवन को राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसे जन सेवा के प्रति सरकार के अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भवन न केवल नीतियों और योजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन में मदद करेगा, बल्कि राष्ट्र के विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए कई पोस्ट किये। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा कि कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन जन-जन की सेवा के प्रति हमारे अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। यह ना केवल हमारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है, बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मिसाल बने इस भवन को राष्ट्र को समर्पित कर बहुत ही गौरवान्वित हूं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भवन विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मर्चेंट शिपिंग विधेयक, 2024 लोकसभा से पारित

### संसद में विपक्ष का हंगामा जारी, कामकाज प्रभावित

एजेंसी



नई दिल्ली। राज्यसभा में समुद्री मार्ग से माल ढुलाई के नियमों को आधुनिक और सरल बनाने से जुड़े विधेयक-समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2025 को शोर शराबे के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद बुधवार को पारित कर दिया गया। इसके साथ ही

विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। लोकसभा पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी है। यह विधेयक 1925 के अधिनियम का स्थान लेगा। पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने इस विधेयक पर जवाब देते हुए कहा कि देश में 1500 बंदरगाह हैं। यह विधेयक भारत के एक बंदरगाह से दूसरे या दुनिया के किसी बंदरगाह में माल ढुलाई से जुड़ी जिम्मेदारियों, अधिकारों, सुरक्षा और देनदारियों को तय करता है। इससे नियम सरल होंगे और व्यापार तेज होगा। राज्यसभा की कार्रवाई एक बार स्थगित होने के बाद जैसे ही फिर 02 बजे शुरू हुई, सदन में विपक्ष के तमाम सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) पर चर्चा करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच समुद्री मार्ग से माल परिवहन विधेयक, 2025 को पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने सदन में पेश किया। भाजपा सदस्य संजय सेठ ने इस विधेयक के पक्ष में अपनी बात रखी। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस के सदस्य वेल में पहुंचे और एसआईआर को लेकर नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान तृणमूल सदस्य ममता बाला ठाकुर सभापति की तरफ जाने वाली सीढ़ियों पर जाकर खड़ी हो गईं। इस पर मार्शल ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद सदन में और महिला मार्शलों को बुलाया गया। शोर शराबे के बीच पीठासीन अधिकारी भुवनेश्वर कलिता ने नेता विपक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे को बोलने का मौका दिया। खरगे ने कहा 'नियम एक होना चाहिए, सदस्य चाहे इधर के हों या उधर के, सदस्य जब बात करते हैं सदन में व्यवधान होता है। प्वाइंट आफ ऑर्डर उठाए जाने के लिए एक पक्ष को अनुमति न देना और दूसरे पक्ष को इस समय अपने भाषण करने की अनुमति देना पूरी तरह से अव्यवहारिक है।

### यूपी बोर्ड ने जारी किया इण्टर व हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा परिणाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया जिसमें हाईस्कूल का रिजल्ट 100 फीसद व इण्टरमीडिएट का परिणाम 91 फीसद से ऊपर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट/ इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में 15985 बालक तथा 4783 बालिका कुल 20768 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमे 14685 बालक तथा 4460 बालिका कुल 19145 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में 12495 बालक तथा 13128 बालिका कुल 25623 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

## यूपी के 13 जिलों के मेडिकल कालेजों को मान्यता देने के मामले में जवाब तलब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन,स्टाफ समेत मान्यता प्रदान करने के आग्रह वाली एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद नियत कर इस बीच मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के वकील को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया। याची ने प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन,स्टाफ मुहैया कराने समेत मान्यता देने का मुद्दा उठाया है।

एक अखबार में प्रकाशित खबरों के आधार पर याची ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में स्थित राज्य मेडिकल कालेजों को 70 फीसदी संसाधन, स्टाफ आदि की कमी की वजह से मान्यता नहीं मिल सकी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की रिव्यू कमेटी ने इनको मान्यता प्रमाणपत्र देने की अर्जी खारिज कर दी। ये मेडिकल कालेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर,चंदौली और लखीमपुर खीरी के हैं।

याची का कहना है कि जनहित में राज्य सरकार को इन मेडिकल कालेजों में पर्याप्त संसाधन, स्टाफ आदि की व्यवस्था तत्काल करनी चाहिये, जिससे इन्हें केंद्रीय आयोग से मान्यता प्रमाणपत्र मिल सके। और इन जिलों के लोगों को बड़े शहरों में इलाज के लिए भागदौड़ न करनी पड़े। मामले की सुनवाई के समय मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया वकील ने याचिका में उठाए गए मुद्दों का जवाब पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर मामले को अगली सुनवाई के लिए तीन हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

### अमित शाह के कार्यकाल में देश ने संवैधानिक बदलावों का नया युग देखाः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भारत के सबसे लम्बे समय तक रहने वाले गृहमंत्री बन गये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अमित अनिलचंद्र शाह होना केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक तपस्या है। यह वह साधना है जिसमें लौह इच्छाशक्ति, असाधारण रणनीतिक कौशल और राष्ट्रहित में सतत जागरूकता अनिवार्य है। अमित शाह भारतीय राजनीति के वह स्तंभ हैं, जिनमें आचार्य चाणक्य की दूरदृष्टि और छत्रपति शिवाजी महाराज की अडिग दृढ़ता समाहित है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय गणराज्य के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृहमंत्री हैं।

## दिव्यांगजनों के भरण-पोषण भत्ते में 100 प्रतिशत की वृद्धि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों/संस्थाओं में निवासरत दिव्यांग संवासियों के भरण-पोषण भत्ते की राशि को 2000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रतिमाह कर दिया गया है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भरण-पोषण भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व में 25 अप्रैल 2016 को जारी शासनादेश को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय की सूचना प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, मंडलीय उपनिदेशकों, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों, विभागीय प्रशिक्षण केंद्रों व आश्रयगृहों के अधीक्षकों तथा राजकीय विशेष विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दे दी गई है ताकि लाभार्थियों को समय पर इसका लाभ मिल सके।

## जलनिगम कर्मियों ने मंत्री, सांसदों, विधायकों तक अपनी पीड़ा पहुँचाने का अभियान किया पूर्ण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जल निगम कर्मियों को मिल रहा आधा अधूरा वेतन/पेंशन वह भी गत 6 माह की बकाया, सातवें माह भी न मिल पाने से त्रस्त कर्मियों / पेंशनरों की प्रतिनिधि संस्था उ0 प्र0 जल निगम संघर्ष समिति ने प्रदेश के मन्त्रीगणों, एवं सांसदों / विधायकों तक अपनी पीडा पहुँचाने का 21 जुलाई से अभियान चलाया था जो आज पूर्ण हो गया।

संघर्ष समिति के संयोजक वाई0 एन0 उपाध्याय ने बताया कि संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने 23 जुलाई को वित्तमन्त्री जी के यहाँ जाकर उनके कार्यालय को, 24 जुलाई को नगर विकास मन्त्री एके शर्मा से मिलकर तथा 24 जुलाई को ही सांय प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात से मिलकर जल निगम कर्मियों / पेंशनरों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कल 5 अगस्त को उपमुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक से 8 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने समस्याओं से निजात दिलाने की फरियाद की। संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी मंजीत कुमार वर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त मन्त्रीगणों / सांसदों / विधायकों को समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन ई मेल द्वारा भेजे जाने का अभियान पूर्ण कर लिया गया है। शासन / प्रशासन के उच्चाधिकारी कुण्डली मारकर बैठे हुए हैं।

श्री वर्मा ने कहा कि 6 माह का बकाया वेतन / पेंशन, 252 प्रतिशत मंहगायी भत्ता / राहत देने, अनुकम्पा नियुक्तियों पर 5 वर्षों से अघोषित रोक हटाने तथा सातवें वेतनमान लागू करने की समस्याओं का समय रहते निराकरण नहीं किया गया तो 12 से 14 अगस्त तक प्रधान कार्यालय पर प्रदेश व्यापी अनशन किया जायेगा तथा 9 सितम्बर को जल निगम विभाजन की त्रासदी विषयक पर प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर काला दिवस मनाया जायेगा।

## उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद वायु सेना और भारतीय सेना ने मोर्चा संभाला

एजेंसी



● राहत कार्यों के लिए चंडीगढ़, बरेली और आगरा में हेलीकॉप्टर, परिवहन विमान स्टैंडबाय पर

नई दिल्ली। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना के बाद निचले हर्षिल क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ ने घाटी को अलग-थलग कर दिया है। इसके बाद भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव सामग्री पहुंचाने के लिए परिवहन विमान देहरादून पहुंच चुके हैं। उत्तरकाशी में राहत कार्यों के लिए चंडीगढ़ एयरबेस पर भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर सक्रिय रूप से तैयार हैं। भारतीय सेना ने मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान शुरू किया है। कई सड़कों के टूटने और एक पुल के ढह जाने के कारण यह क्षेत्र वर्तमान में उत्तर और दक्षिण दोनों से कटा हुआ है।

मध्य वायु कमान ने एक बयान में बताया कि भारतीय वायु सेना के सी-295 और एएन-32 सहित पांच परिवहन विमानों ने आगरा से 114 सैन्य कर्मियों और 13.5 टन आपदा राहत सामग्री को आगरा से देहरादून पहुंचाया है। अग्रिम हवाई अभियानों के लिए बरेली और देहरादून में एएलएच और चिनूक हेलीकॉप्टर स्टैंडबाय पर हैं। उत्तरकाशी में राहत कार्यों के लिए चंडीगढ़ एयरबेस पर चिनूक, एमआई-17 वी5, चीता और एएलएच सहित भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर सक्रिय रूप से तैयार हैं।

उत्तराखंड में अचानक आई बाढ़ की सूचना मिलने पर भारतीय वायु सेना ने त्वरित प्रतिक्रिया दी है। राहत और बचाव सामग्री पहुंचाने के साथ-साथ भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना को बचाव अभियानों के लिए तैयार करने के लिए आगरा और बरेली स्थित वायु सेना स्टेशनों को रात में ही सक्रिय कर दिया गया था। हालांकि, आज सुबह घने कोहरे और बारिश के कारण उड़ानें सीमित थीं, फिर भी बेहतर दृश्यता मिलने पर भारतीय वायु सेना इस आपदा से निपटने के लिए नागरिक-सैन्य संयुक्त अभियान के लिए कार्य कर रही है। उत्तराखंड में हर्षिल के निकट धराली के पास बादल फटने के बाद भारतीय सेना ने एक त्वरित और समन्वित मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान तेज कर दिया है। कई सड़कों के टूटने और एक पुल के ढह जाने के कारण यह क्षेत्र वर्तमान में उत्तर और दक्षिण दोनों से कटा हुआ है। पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीमों के 225 से ज्यादा सैन्यकर्मी खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए तैनात हैं। टेकला के पास रीको रडार के साथ 7 टीमें काम कर रही हैं। हर्षिल में खोज एवं बचाव कुत्ते तैनात किये गए हैं। रिमाउंट और पशु चिकित्सा केंद्रों से और भी कुत्ते आ रहे हैं।

# आठ साल में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बदली उत्तर प्रदेश की छवि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। वर्ष 2017 से पहले 'बीमारू प्रदेश' कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों में स्वस्थ और उत्तम प्रदेश बनकर उभरा है। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि, एमबीबीएस-पीजी सीटों में विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और रिसर्च संस्थानों की स्थापना तथा आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। योगी सरकार की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि वर्ष 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद से, योगी सरकार ने प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस संग पीजी सीटों में हुए इजाफाप्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ?पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुसार पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज संचालित किए गए हैं, जिनमें 44 राजकीय एवं 36 निजी मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, औरैया, चंदौली, गोंडा, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी और कौशांबी जैसे जिलों में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ हो चुका है।



वहीं, महाराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर चिकित्सा शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया गया है। वहीं प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती देने के लिए एमबीबीएस और पीजी सीटों में भी ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में 5,250 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जबकि निजी क्षेत्र में 6,550 सीटें हैं। योगी सरकार के प्रयासों से आयुष चिकित्सा शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। प्रदेश में कुल 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी और 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालय कार्यरत हैं। इसके अलावा, आठ आयुर्वेदिक कॉलेज, दो यूनानी कॉलेज और नौ होम्योपैथिक कॉलेजों के साथ उनके संबद्ध चिकित्सालय भी संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना करते हुए महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की है। चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए राजधानी लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट में 'सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च फॉर कैंसर' की स्थापना की गई है। इसके अलावा संजय गांधी पीजीआई (एसजीपीजीआई) में डायबिटीज सेंटर की स्थापना के साथ-साथ 500 बेड के एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आईआईटी कानपुर के तहत 500 शैय्या युक्त सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के साथ 'स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी' की स्थापना भी की जा रही है, जो चिकित्सा अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देगा। योगी सरकार ने नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में स्वीकृत 27 नर्सिंग कॉलेजों में से 25 में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही, नर्सिंग में 7,000 सीटों और पैरामेडिकल में 2,000 सीटों की वृद्धि की गई है। प्रदेश में लंबे समय से बंद पड़े 35 एएनएम (सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी) प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः शुरू किया गया है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वहीं, गोरखपुर और रायबरेली में एम्स (एआईआईएमएस) का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। इतना ही नहीं सभी जिलों में डायलिसिस सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिली है।

# धर्मपाल सिंह ने किया भाजपा कार्यालय के अटल कल्याण सभागार का शिलान्यास



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय के ''अटल कल्याण सभागार का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी व महापौर सुषमा खर्कवाल व नीरज सिंह उपस्थित रहे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि अटल कल्याण सभागार के निर्माण हो जाने से पार्टी की बैठकें व छोटे कार्यक्रम यहीं हो सकेंगे। शिलान्यास के अवसर पर विधायक नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व सांसद डॉ. अशोक वाजपेयी, पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल, पूर्व महापौर, लखनऊ संयुक्ता भाटिया, भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता व टिंकू सोनकर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कमता चौराहे पर चल रहा चेकिंग अभियान, 25 वाहन सीज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कमता चौराहे पर बुधवार को एसीपी विभूति खंड विनय द्विवेदी और एआरटीओ प्रशासन के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान शुरू किया। पुलिस अधिकारियों और परिवहन विभाग की टीमों ने दर्जनों वाहनों की जांच की। दस्तावेज पूरे न होने पर अब तक 25 वाहनों को सीज किया। यह अभियान सुबह से ही शुरू हुआ और पूरे दिन तक चलेगा, जिसमें खासतौर पर ऑटो, टैक्सी, निजी चारपहिया और प्राइवेट बसों की चेकिंग की जा रही है। अभियान में प्रभारी निरीक्षक चिनहट, प्रभारी निरीक्षक विभूति खंड, कमता चौकी प्रभारी, और अवध बस स्टेशन चौकी प्रभारी भी मौके पर मौजूद हैं। एक-एक वाहन की सख्ती से जांच कराई। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दिनों में लगातार जारी रहेगी, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाया जा सके और सड़क पर चलने वाले वाहनों की वैधता सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान जिन 25 वाहनों को सीज किया गया, उनमें अधिकतर ऐसे वाहन थे जो बिना रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस सर्टिफिकेट या वैध ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे थे। इनमें कई ऑटो, टैक्सी और निजी चारपहिया वाहन शामिल थे, जो सार्वजनिक सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे थे। अधिकारियों ने मौके पर ही कागजातों की जांच की, और जिनके दस्तावेज अधूरे पाए गए, उन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया। सीज किए गए वाहनों को पास के थानों में भेजा गया है, जहां वाहन स्वामी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही उन्हें छुड़ा सकेंगे। प्रशासन का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी वाहन को अब सड़कों पर नहीं चलने दिया जाएगा। परिवहन विभाग की ओर से तैनात अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि,अवैध वाहन चलाना न सिर्फ कानूनन गलत है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा है। इसीलिए यह विशेष अभियान लगातार चलेगा।

### राजधानी में तूफानी बारिश, दिन में अंधेरा छाया, सड़क बनी तालाब

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद तूफानी बारिश हुई। दिन में अंधेरा छा गया। तेज आंधी के साथ पहले बूंदाबांदी फिर तेज बौछार शुरू हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। तेज हवा से कई जगह पेड़ टूट गए, टहनियां टूटकर सड़कों पर गिरीं, जिससे जाम के हालत बन गए। हजरतगंज में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने सड़क तालाब बन गई। इससे पहले सुबह मौसम साफ था। दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाए और गोमती नगर, हजरतगंज, बंथरा, सरोजनी नगर, ट्रांसपोर्ट नगर और पारा इलाके में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। आज अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में 11 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। 4 दिन से लगातार हो रही बारिश की वजह से जगह-जगह जलभराव हो गया है। सरोजनी नगर, मोहनलालगंज, बिजनौर के रॉयल सिटी, मटियारी, अहिमामऊ, आशियाना, कुर्सी रोड, जानकीपुर, पारा आदि इलाकों में सड़कों-गलियों में कीचड़ हो गया है। गोमतीनगर, चिनहट, आलमबाग, चौक, कैसरबाग, अमीनाबाद, पीजीआई आदि इलाके में जलभराव वाले स्थानों पर सड़कें खराब हो गई हैं। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गिट्टियां फैल गई हैं। वाहनों के फिसलने का खतरा बना हुआ है।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में होगी स्वामी बाल भरत महाराज की कथा

लखनऊ। कथा व्यास क्रान्तिकारी व्याख्याता स्वामी बाल भरत महाराज गुरूवार से गोमती किनारे स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा कहेंगे। कथा प्रतिदिन सायंकाल 04 बजे से रात्रि 08 बजे तक होगी। कथा के आयोजक प्रदीप कुमार अग्रवाल ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि वैकुण्ठवासी श्री रूपनारायण अग्रवाल 'बच्चे लाला' की पावन स्मृति में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कलश यात्रा गुरूवार को प्रातः09 बजे गाजे बाजे के साथ श्री हनुमान मंदिर से कथा स्थल के लिए प्रस्थान करेगी। 07 अगस्त से 13 अगस्त तक प्रतिदिन कथा होगी। 14 अगस्त को भव्य महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा।

# पीड़ित महिलाओं को योगी सरकार ने दिया सहारा, वितरित किए 41.75 करोड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, न्याय और सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक नई इबारत लिख रही है। राज्य सरकार की ओर से संचालित 'रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष' के तहत प्रदेश में जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को 1 लाख से 10 लाख तक की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत अब तक राज्य की 1250 पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को कुल 41.75 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति राशि उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से अंतरित की जा चुकी है। इससे पहले, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी योगी सरकार ने 2842 पीड़िताओं को 100 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे उनके खातों में भेजी थी। यह आंकड़ा सरकार की प्रतिबद्धता और गंभीरता को दर्शाता है। इस योजना की प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और त्वरित बनाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति के माध्यम से प्रत्येक मामले की समीक्षा की जाती है। समिति की स्वीकृति के पश्चात, सरकार द्वारा मुख्यालय स्तर से सीधा फंड ट्रांसफर सुनिश्चित किया जाता है। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं के प्रति अपराधों को न केवल गंभीरता से ले रही है, बल्कि पीड़ितों को त्वरित न्याय और आर्थिक राहत भी दे रही है। 'रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष' इसके सबसे सशक्त उदाहरणों में से एक है। यह कोष न केवल न्याय की प्रतीक्षा कर रही महिलाओं को आर्थिक सहायता देता है, बल्कि उन्हें नवजीवन जीने का हौसला, आत्मविश्वास और गरिमा भी प्रदान करता है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग,दो दुकान और फ्लैट की एसी जली, दमकल ने काबू पाया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर में बुधवार सुबह करीब 10 बजे नीलगिरी स्तिथ एसी की दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देखकर आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले आग ने विकराल रूप ले लिया। बगल की दुकान और ऊपर बने अपार्टमेंट तक पहुंच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं है। एफएसओ इंदिरा नगर ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र में नीलगिरी काम्पलेक्स में आग लगने की सूचना मिली। फायर स्टेशन इंदिरा नगर से दो दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। जहां दर्शित इंटरप्राइस इलेक्ट्रॉनिक शॉप के बाहर एसी फैन और मीटर बोर्ड में आग जल रही थी। आग रिटेल शॉप तक फैल गई थी। टीम ने पंपिंग करके आग को पूरी तरह बुझा दिया। इसके बाद जानकारी करने पर पता चला आग से भरती मिश्र की दर्शित इंटरप्राइस, प्रखर गुप्ता की डॉग एंड पेट क्लिनिक और बिल्डिंग के ऊपर बने नक्षत्र अपार्टमेंट में अनुभूति शर्मा के फ्लैट-102 के ऑफिस में भी एसी में आग लग गई थी।

# प्रदेश सरकार किसानों को कृषि यंत्र पर दे रही अनुदान, ई-लॉटरी से मिलेंगे कृषि यंत्र

- पारदर्शिता पूर्ण ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों को मिलेगा कृषि यंत्रों का लाभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ दे रही है। किसानों का पारदर्शिता से इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी 75 जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया सभी जनपदों में 7 अगस्त (गुरुवार) व 8 अगस्त (शुक्रवार) को होगी। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल (ऑइलसीड) योजना के अंतर्गत मिनी ऑइल मिल एक्स्ट्रैक्सन यूनिट एवं तिरपाल की बुकिंग किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी है। इसका पारदर्शी पूर्ण चयन ई-लाटरी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा कराया जाएगा। कृषि विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 75 जनपदों में सात व आठ अगस्त को स्थानीय स्तर पर ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा संबंधित किसानों व जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है। ई-लाटरी के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति डी0एल0एस0सी0 (जिला स्तरीय समन्वय समिति) के सदस्यों का विवरण विभागीय पोर्टल पर बुधवार तक अनिवार्य रूप से फीड कर लिया जाएगा। समिति के कार्यालय ज्ञाप की पीडीएफ फाइल भी विभागीय पोर्टल पर अपलोड रहेगी। कृषि विभाग ने निर्देश जारी किया है कि ई-लाटरी की प्रक्रिया के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जाये, जहाँ इसे अधिक से अधिक किसान देख सकें। सीएम योगी की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ यह प्रक्रिया कराई जाए। इसके लिए बड़ी स्कीन लगाकर भी व्यवस्था की जाय।

# एनएसयूआई ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, एसएससी बोर्ड की लापरवाही से छात्रों का भविष्य अंधकार में

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बुधवार को एनएसयूआई के पदाधिकारी और सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। एनएसयूआई सदस्यों ने एसएससी बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाए। बोर्ड की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसएससी की लापरवाही की वजह से युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। एनएसयूआई के 6 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने एसएससी द्वारा कराई जारी परीक्षाओं में अनियमितता का आरोप लगाया। निजी एजेंसियों को दिए गए ठेके का विरोध किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली में छात्रों और शिक्षकों पर लाठी बरसाई गई यह गलत है। शिक्षक का भगवान का दर्जा होता है और छात्र हमारे देश का भविष्य हैं। इनके साथ अपराधी जैसे बर्ताव किया गया। शिक्षा से जुड़े हुए समाज के साथ इस प्रकार का रवैया बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा प्रक्रिया में बार-बार तकनीकी खराबी आती है। आंसर की में कई गलतियां सामने आई जिससे छात्रों में मानसिक तनाव बढ़ गया। लगातार परिणामों की पारदर्शिता पर भी संदेह बना हुआ है। शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे छात्रों के साथ पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार और दमनात्मक कार्रवाई की गई। यह सब कुछ जो हो रहा है बेहद शर्मनाक है। एनएसयूआई ने मांग किया कि परीक्षा प्रणाली में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उत्तर कुंजी और परिणाम की पुनः समीक्षा हो जिसके लिए स्वतंत्र तकनीकी समिति गठित की जाए। निजी एजेंसियों की भूमिका की जांच कर उनकी जवाबदेही तय की जाए। छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं की स्वतंत्र जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो। छात्रों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार दिया जाए और जिनके साथ दमनात्मक कार्रवाई की गई है उन्हें न्याय मिले। यह केवल परीक्षा का मामला नहीं है, बल्कि युवाओं के आत्म-सम्मान और उनके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा मामला है।

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर उतरे ओला-उबर टैक्सी ड्राइवर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर कंपनियों से जुड़े टैक्सी ड्राइवरों की हड़ताल छठे दिन भी जारी है। हजारों की संख्या में गाड़ियां इको गार्डन में खड़ी कर ड्राइवर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं पूरी हुई तो हड़ताल जारी रखेंगे। हड़ताल पर बैठे 'राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन शक्ति' से जुड़े कई ड्राइवरों ने कहा ऐप बेस्ड कंपनियां मनमर्जी से किराया घटाती-बढ़ाती हैं। बिना किसी सुनवाई के ड्राइवरों की आईडी ब्लॉक कर देती हैं। इससे उनकी आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है। एक प्रदर्शनकारी ड्राइवर ने बताया हम सुबह से शाम तक मेहनत करते हैं, लेकिन कंपनी इतनी कटौती करती है कि पेट्रोल का खर्च भी निकालना मुश्किल हो जाता है। ऊपर से बिना वजह आईडी ब्लॉक कर दी जाती है। हड़ताल की वजह से पिछले कुछ दिनों से ओला-उबर की सेवाएं लखनऊ शहर में बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खासकर चारबाग, एयरपोर्ट और हजरतगंज जैसे क्षेत्रों में यात्रियों को ऐप पर टैक्सी नहीं मिल रही है या किराया दोगुना तक दिख रहा है।

# एलडीए ने टिन की चादर से सहारा बाजार सील किया, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने मंगलवार रात करीब 1 बजे गोमती नगर स्थित मूर्ति खंड में सहारा बाजार को टिन की चादरों से सील करके चला गया। सुबह व्यापारियों ने बाजार के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इस दौरान मौके पर पहुंची प्राधिकरण की टीम वापस लौट गई। इससे पहले कोर्ट ने प्राधिकरण पर 50,000 का जुर्माना लगाते हुए स्थिति को जस की तस बने रहने का आदेश दिया था। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि एलडीए न केवल हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और कानून का भी मजाक बना रहा है। व्यापारी मोहम्मद रफीक ने बताया कि 25 साल से बाजार में दुकान है। और इसी दुकान से होने वाली कमाई से अपना परिवार पाल रहे हैं। एलडीए ने इसके पहले बिना बताए हम सब की दुकानें सील करके चला गया था। हम लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया। इसके बाद दो दिन दुकान खोली। हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद एलडीए ने मंगलवार देर रात दुकानों के मुख्य गेट पर टिन की चादर लगाकर सील कर दिया। व्यापारी जेपी सिंह ने बताया कि मेरी दुकान यहां करीब 20 साल से है। उसकी रजिस्ट्री भी है। एलडीए ने बिना हम लोगों को नोटिस भेजे बाहर कर दिया। इस मामले को लेकर के कोर्ट गए तो वहां से हमें स्टे मिल गया। कोर्ट ने दुकान खोलने का आदेश भी दे दिया था। याचिकाकर्ता मोहम्मद जाइमुल इस्लाम ने कोर्ट में बताया था कि उन्होंने 22 नवंबर 2000 को सहारा इंडिया कॉमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से दुकान संख्या 112(') खरीदी थी। सहारा को यह दुकान एलडीए से 30 साल की लीज पर मिली थी, जिसमें स्पष्ट शर्त थी कि वह दुकान को



ट्रांसफर कर सकता है, लेकिन तय ट्रांसफर चार्ज देना होगा। याचिकाकर्ता ने सभी जरूरी चार्ज जमा कर वैध मालिकाना हक प्राप्त किया था। 3 मई 2025 को एलडीए ने सहारा की लीज समाप्त करने का आदेश पारित किया और 18 जून को नोटिस जारी कर दुकानों को खाली करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता को कोई व्यक्तिगत नोटिस या सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और सीधे उसकी दुकान सील कर दी गई। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने कहा था कि याचिकाकर्ता के पास वैध दस्तावेज हैं और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के दुकान से बेदखल किया जाना संविधान के अनुच्छेद 300। का उल्लंघन है। अदालत ने एलडीए की कार्रवाई को कानून को ताक पर रखकर किया गया कदम बताया और इसे लोकतंत्र के लिए अस्वीकार्य ठहराया। कोर्ट ने न केवल कब्जा तत्काल लौटाने का निर्देश दिया, बल्कि एलडीए पर 50,000 का जुर्माना भी लगाया था। साथ ही स्पष्ट किया था कि भविष्य में यदि कोई कार्रवाई करनी हो, तो वह कानूनी प्रक्रिया के तहत ही की जाए।

# ईमानदार और शिक्षित समाजसेवियों को मंच देने की पहल, लखनऊ में हुई विशेष बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इंदिरा नगर लखनऊ में आज पुराने पीएसपीएल साथियों की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक का आयोजन जनाब मोहम्मद जर्रार हुसैन के आह्वान पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता जनाब मुर्तजा अली ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में ईमानदार, शिक्षित, और दीनी सोच रखने वाले लोगों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य ऐसे लोगों को आगे लाना है, जो सच्चे मन से समाज की सेवा करना चाहते हैं।बैठक में शामिल प्रमुख व्यक्तित्वों में जनाब आमिर खालिद खान, रवि कुमार अजय, यासिर हयात, मोहम्मद सईक सिद्दीकी, सैय्यद साबिर, मोहम्मद ताज, शोएब चौधरी, मुमताज राईनी, रब्बानी, पीसी कुरील, और सुभाष गौतम आदि शामिल रहे। इस अवसर पर एक चार सदस्यीय चयन समिति का गठन भी किया गया है, जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 30 सक्रिय एवं योग्य प्रतिनिधियों का चयन करेगी। चयन समिति के सदस्य आमिर खालिद खान ,मोहम्मद जर्रार, यासिर हयात, रवि कुमार संस्था में जुड़ने के इच्छुक लोग निम्नलिखित संपर्क नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं, 9984907988, 9452560342, 8795837676, 991820032 यह पहल उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है, जो बिना दिखावे के समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक भूमिका निभाना चाहते हैं।

# 28वाँ वृक्ष भण्डारा, वृक्षारोपण एवं पौधों की बारात कार्यक्रम का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ ढोल भी था, बराती भी थे, बारात का स्वागत भी हुआ, ऐसी अनोखी पौधों की बारात आज नगरवासियों को देखने को मिली

**हरदोई।** वीरांगना सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान एवं संकल्प 1000 द्वारा राम जानकी मंदिर में जनपद का 28वाँ वृक्ष भंडारा, वृक्षारोपण एवं पौधों की बारात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा अध्यक्ष भाजपा अवध क्षेत्र, कार्यक्रम अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन जिलाध्यक्ष भाजपा, सुख सागर मिश्र मधुर नपाप अध्यक्ष हरदोई, राकेश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन एवं श्यामा कुमार गुप्ता टीटू अध्यक्ष नवीन गल्ला मंडी हरदोई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरान्त सभी अतिथियों को वीरांगना संस्थान की अध्यक्ष सुहाना जैन ने तिलक एवं अंगवस्त्र व सभी को 'एक पेड़ मां के नाम' का तुलसी का पौधा गमला सहित उपहार स्वरुप भेंट किया। मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों एवं आयोजक गणों ने पुत्रदा एकादशी के दिन तुलसी का पूजन कर चुनरी पहनाकर अन्य पौधों के साथ ढोल-नगाड़ो की थाप पर झूमते हुए हाथों में पौधा व तिरंगा झंडा लिए हुए राम जानकी मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक पौधों की बारात भी निकाली, जिसकी अगवानी सुख सागर मिश्र मधुर नपाप अध्यक्ष हरदोई द्वारा सभी बारातियों के ऊपर पुष्प-वर्षा कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मंदिर प्रांगण स्थित बगीचे में एक पेड़ माँ के नाम भी रोपित कर सभी के मंगल कामना की। भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने संस्थान की तारीफ़ करते हुए कहा कि जनहित एवं पर्यावरण की दृष्टि से किये जा रहे कार्य अत्यंत सरहानीय हैं साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अति आवश्यक है। प्रकृति से हमे सभी चीजे मिलती है, हमें भी प्रकृति के संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। संकल्प 1000 के संयोजक श्याम जी गुप्ता ने सभी अतिथियो का आभार व्यक्त किया। वृक्ष भंडारे में नीम, पीपल, आम, आंवला, नींबू, कांजी, सहजन सहित अनेक प्रजातियों के लगभग 350 से अधिक पौधे नि:शुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रुप से अनुराग मिश्रा ज़िला महामंत्री भाजपा, सत्येंद्र राजपूत ज़िला महामंत्री भाजपा, प्रीतेश दीक्षित, ज़िला उपाध्यक्ष भाजपाएआई टी संयोजक भाजपा सौरभ सिंह गौर, कार्यक्रम संयोजक एक पेड़ मां के नाम सत्यम शुक्ला, हरदोई पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन अशोक अग्निहोत्री, योग शिक्षिका विनीता पाण्डेय, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी पूनम तिवारी, निधि सिंह भाजपा नगर उपाध्यक्ष, बाबी ओमर भाजपा नगर उपाध्यक्ष, अखिलेश गुप्ता, निर्मल गुप्ता, शौर्य सिंह सहित तमाम सैनिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मित्रता की परिभाषा सीखनी हो तो श्रीकृष्ण से सीखनी चाहिएः देवी महेश्वरी श्रीजी



राष्ट्रीय प्रस्तावना





**हरदोई।** विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान एवं सार्वजनिक शिक्षोनयन संस्थान के तत्वावधान में डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय अल्लीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर श्री धाम वृन्दावन से पधारी हुई देवी महेश्वरी श्रीजी ने श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह के पश्चात द्वारिका राज्य का संचालन और उनके पुत्रों की कथा श्रवण कराते हुए आगे की कथा में सुदामा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पत्नी के बार बार कहने पर सुदामा जी द्वारकाधीश से मिलने को चल दिए महीनों की यात्रा के बाद जब वो द्वारका पहुंचते है श्रीकृष्ण जी उनका हृदय से स्वागत करते है अश्रु जल से चरण धुलते है आज बचपन के दोनों मित्र एक अंतराल के बाद गले मिलते है।

मित्रता की परिभाषा सीखनी हो तो श्री कृष्ण से सीखनी चाहिए मित्र के सुख दुख का जो साथी है मित्र गरीब है या अमीर कोई फर्क जहां न रह जाए वहीं वास्तविक मित्रता है वह मित्रता वही प्रेम श्रीकृष्ण और आत्म ग्यानी श्री सुदामा जी में देखने को मिलती है आगे की कथा में प्रवेश करते हुए देवी जी ने राजा परीक्षित मोक्ष के साथ कथा विश्राम की, कथा पांडाल में फूलों की होली खेली गई कथा के मुख्य यजमान डॉ० सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश सपरिवार वृन्दावन से पधारी देवी जी व उनकी पूरी समिति का स्वागत कर विदाई की। प्रकाशमान में मुख्य रूप से माधवेंद्र प्रताप सिंह विधायक सवायजपुर मनोज मनोज राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद राज किशोर प्रांत समरसता प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सौरभ मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रेखा त्रिपाठी बांकेलाल वरिष्ठ प्रचारक त्रिपुर मिश्रा जी ब्लॉक प्रमुख शाहाबाद धर्मेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख बाबन बी०डी० शुक्ला, राजीव रंजन मिश्र पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आदि लोग उपस्थित रहे।

## मल्लावाँ सेवा केंद्र पर रक्षा सूत्र कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मल्लावां सेवाकेंद्र पर रक्षाबंधन के पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सेवाकेंद्र की संचालिका बी के प्रियंका दीदी ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी विशाल जायसवाल सहित सभी उपस्थित भाई बहनों को पवित्र रक्षासूत्र बांधा कार्यक्रम में क्षेत्रीय भाई बहन एवं मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी विशाल जायसवाल मौजूद रहे और बीके प्रियंका दीदी की सहयोगी बहन बीके रुक्मणि बहन, बीके राधा बहनएबीके दिव्या बहन ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मल्लावां सेवा केंद्र पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भारी मात्रा में भाई बहनों ने भाग लिया एवं सेवाकेंद्र संचालिका बीके प्रियंका दीदी ने उपस्थित सभी भाई बहनों को राखी बांधकर मुख मीठा कराया और विश्व एक परिवार है कि भावना को अभिव्यक्त किया और कार्यक्रम में समाजसेवी विशाल जायसवाल सहित क्षेत्रीय भाई बहन मौजूद रहे और कार्यक्रम में प्रियंका दीदी ने पवित्र पर्व का महत्व बताते हुए सभी भाई बहनों को आपसी भाईचारा बढ़ाने और प्रेम से रहने सहित अपने मधुर महावाक्यों से लाभांवित किया।

## शिकायतों के निस्तारण के लिए गांवों में 08 अगस्त तक लगाये जायेगें कैम्पः अनुनय झा

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने अवगत कराया है कि तहसील सदर के ग्राम नीर, फरीदापुर, रामनगर, मझिया, कुईयांए अगौलीपुर, कार्रिंया, तहसील शाहाबाद के ग्राम खनिगंवा खुर्दए पचदेवराए मझिगवां, नागामऊ, सेमरावां, मियांपुर, तहसील सण्डीला के ग्राम रायपुर जरौआए गोड़वा, समोधा, पीपरगावं, बेरूआ, रैसों, लूमामऊ, तहसील सवायजपुर के ग्राम घोड़ीधर, भरखनी, अनंगपुर, बेहटाहारी, तहसील बिलग्राम के ग्राम अटवाअली, मर्दनपुर, सैंतियापुर, कोईलाई, रोशनपुर एवं बिरौरी की पोर्टल पर सर्वाधिक शिकायतें पायी गयी है और इन शिकायतों के निस्तारण के लिए इन गांवों में 05 से 08 अगस्त 2025 तक कैम्प लगाये जायेगें। जिलाधिकारी ने बताया कि इन गांवों जन शिकायतों के निस्तारण के लगाये जाने वाले कैम्प संबंधित तहसील के नायब तहसीलदार एवं थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किये जायेगें और कैम्प में दो सहायक विकास अधिकारी पंचायत, लेखपाल, सचिव तथा 01 बाबू व 01 कम्प्यूटर आपरेटर लैपटाप सहित उपस्थित रहेगें तथा कैम्प में शौचालय निर्माण, राशन वितरण, साफ-सफाई व्यवस्था की अनियमिता तथा गांव के छोटे-मोटे विवादों को उपस्थित अधिकारियों द्वारा सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा 11 अगस्त 2025 को सभी कैम्पों में निस्तारित शिकायतों की समीक्षा की जायेगी जिसमें सभी संबंधित टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## डीएम ने जनसुनवाई में सुनी 107 शिकायतें



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। पात्रों का वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन हेतु मौके पर ही पंजीकरण कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाया गया। आज कुल 02 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही 232 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों के निस्तारण में देरी न की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। चकरोड व सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। जन सुनवाई के दौरान पवन मिश्रा नाम के एक दिव्यांग युवक को दुकान संचालन योजना से आच्छादित कराया गया। वेद प्रकाश व उनकी पत्नी का वृद्धावस्था पेंशन हेतु पंजीकरण कराया गया। एक महिला कीर्ति जिनके पति का देहांत हो चुका है के दो बच्चों को बाल सेवा योजना से आच्छादि%%त कराया गया। जिलाधिकारी ने उनको कृषक दुर्घटना बीमा योजना योजना व राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर में तोड़फोड़ से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना ( हरदोई )।** सामाजिक माहौल खराब करने के उद्देश्य से सावन के पवित्र माह में अराजक तत्वों ने धार्मिक आस्था के केंद्र शिव मंदिर को निशाना बनाया, जिसमें स्थापित शिवलिंग सहित अन्य प्रतिमाओं को ईंट-पत्थरों व अन्य हथियारों से तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के अंतर्गत दलेलनगर रेलवे स्टेशन के पास शिवजी का पुराना मंदिर है, जिसमें गांव के लोग प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। मंगलवार की रात अराजकतत्वों ने सामाजिक सौहार्द बिगड़ने के उद्देश्य से शिव मंदिर के अंदर तोड़फोड़ की, जिसमें उन्होंने शिवलिंग नंदी व पास में स्थापित अन्य मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पूजा अर्चना के लिए सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो मंदिर के अंदर हुई तोड़फोड़ देखकर हैरान हो गए। जिसकी सूचना तत्काल गांव वालों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कर कराया। साथ ही शांति भंग की आशंका से पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगा दी गई है। वहीं ग्रामीण इस बात से काफी आक्रोशित हैं और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पूरे मामले पर प्रभारी निरीक्षक प्रेमसागर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि यह कृत्य किसी नशेड़ी या बंदरों का भी हो सकता है। खंडित मूर्तियों के स्थान पर नई मूर्तियां लगवा दी गई हैं, साथ ही क्षेत्र वासियों से शांत व्यवस्था बनाए रखने के अपील की गई है।



## बाबा सुनासीरनाथ मंदिर का मिला दुर्लभ चित्र

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सुनासीरनाथ बाबा की महिमा को कौन नहीं जानता है दूर दराज से लोग दर्शन करने के लिए इस क्षेत्र में आते हैं और अपनी मनोकामना को पूर्ण करते हैं श्रवण मास का महत्व होता है इस महीने में लोग आकर कांवर ले जाते हैं। गंगा में स्नान करते हैं और जल लाकर भगवान भोले का जलाभिषेक करते हैं। बाबा भोलेनाथ का कई वर्षों पुराना चित्र इस बात का साक्षी है। यह मंदिर सदियों पुराना है और हिन्दू आस्था का प्रमुख केंद्र है।



## ई-रिक्शा चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ेपुर निवासी बाइक चालक युवक को बहन के यहां से त्योहारी देकर लौट रहा था उसी ई रिक्शा चालक द्वारा टक्कर मारकर घायल दिया गया। इस सिलसिले में पुलिस ने मां की तहरीर के आधार पर ई रिक्शा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। पीड़िता लज्जावती पत्नी गुड्डू लाला के अनुसार उसका पुत्र रवि अपनी बहन के यहां तीज की त्योहारी देकर ग्राम नगला लोथू के समीप पहुंचा तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी ।जिससे उसका पुत्र गंभीर घायल हो गया। जिसका अभी भी इलाज चल रहा है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बारिश में कच्चा मकान गिरने से बाल-बाल बचे लोग

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला गिलजई में लगातार हो रही बारिश की वजह से एक कच्चे मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे उस पर रखा खपरैल और धन्नियां भी नीचे गिरी। घटना के समय खपरैल के नीचे कोई नहीं था। सूचना पर नगर लेखपाल ने मुआयना कर नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। मोहल्ले के शाजीम अली खां पुत्र मुख्तार अली खां के घर के अंदर पीछे की ओर पुराना पैतृक कच्चा हिस्सा है जहां मिट्टी की दीवारों पर खपरैल पड़ा हुआ था ।पीड़ित के अनुसार अक्सर घर के सभी सदस्य खपरैल के नीचे बैठते थे। दो दिन हुई लगातार बारिश की वजह से बुधवार सुबह कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। उसमें रखा सामान भी दब गया। सूचना पर पहुंचे नगर लेखपाल आशीष शुक्ला ने मौके पर जांच कर हुए नुकसान की रिपोर्ट भेज दी है।

## पॉक्सो और आईटी एक्ट के वांछित आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक सप्ताह पूर्व एक किशोर के साथ मारपीट कर उसके साथ कुकर्म कर उसका वीडियो वायरल करने वाले नामजद वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 31जुलाई को किशोर के चाचा द्वारा पुलिस की तहरीर दी गयी कि तस्लीम पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम कठमा थाना शाहाबाद व उसके साथी द्वारा वादी के भतीजे के साथ मारपीट कर गलत कार्य किया गया तथा उसका वीडियो बनाकर वायरल किया गया। इस संबंध में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। क्राइम इंस्पेक्टर शिव गोपाल, आँझी चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद वांछित तस्लीम पुत्र नूर हसन को घटना में प्रयुक्त मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## मोबाइल छीनने का लगाया आरोप, रिपोर्ट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम करावां निवासी युवक ने गांव के युवक पर मोबाइल छीन कर वापस न करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित देवेंद्र सिंह पुत्र विचित्र वीर सिंह के अनुसार उसके गांव का आकाश त्रिवेदी पुत्र अजय त्रिवेदी अत्यधिक शराब का सेवन करता है। उसने शराब के नशे में अपना मोबाइल फोन कहीं गिरा दिया और मोबाइल को लेकर उस पर संदेह करता है। 18 जुलाई को विपक्षी ने उसका मोबाइल फोन बात करने के लिए मांगा और लेकर भाग गया ।वह उसका मोबाइल वापस नहीं कर रहा है। मझिला पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात चोर के विरुद्ध दर्ज करवाई रिपोर्ट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक में एक बर्तन दुकानदार ने अज्ञात चोर के विरुद्ध दुकान से चोरी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की है। पीड़ित पवन कुमार पुत्र श्यामबाबू के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के निकट चौक में उसकी बर्तन की दुकान है। 1 अगस्त को अज्ञात चोर द्वारा उसकी दुकान से एक एलमुनियम का पतीला चोरी किया गया है। जिसकी वीडियो सीसीटीवी में कैद है। प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है।

## वृद्धा को टक्कर मारकर घायल करने वाले टैंपो चालक पर रिपोर्ट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी खुर्द निवासी वृद्धा को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने उसके पुत्र की तहरीर पर आरोपी टैंपो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित आसिफ खां पुत्र राशिद खां के अनुसार 11 जुलाई को उसकी 60 वर्षीय मां महकशा बैंक ऑफ बड़ौदा से वापस घर पैदल जा रही थीं। रास्ते में दुर्गा ढाबा के सामने टैंपो संख्या यूपी 27एटी 1180 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी मां को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जाया गया। जहां से लखनऊ इलाज के लिए रेफर किया गया। लखनऊ से उसकी मां का इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी टैंपो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जिला कारागार में मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन, चिकित्सकीय परीक्षण कर दिया परामर्श

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** जिला कारागार में मेडिकल कैंप का आयोजन कियाए जिसमें 79 पुरुष, 50 महिलाएं और 7 बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। आवश्यकता नुसार जांच की गई एवं दवाइयों का वितरण किया गया एएसएमसी हरदोई मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर की टीम के सहयोग से इनर व्हील क्लब हरदोई डीओडी ने मेडिकल कॉलेज के सहयोग से मेडिकल कैंप संपन्न हुआ। मेडिकल कॉलेज टीम में फिजिशियन, महिला रोग चिकित्सक, डेंटिस्ट एवं लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सौरभ शुक्ला, डॉक्टर वात्सल्य सिंह, डॉक्टर मधुलिका शुक्ला, डॉक्टर शिवांगी चौधरी, डॉक्टर शशी शुक्ला, डॉक्टर कुसुम लता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा सिंह, दंत विशेषज्ञ आलोकिता श्रीवास्तव, एमएसडब्लू निदा खान, एमएसडब्लू आनंद कुमार सिंह, एल टी कमलेश कुमार, एलटी पिंटू पाल, अवनेंद्र मिश्रा फार्मासिस्ट, आदि सभी डॉक्टर को मोमेंटो देकर उनका आभार व्यक्त किया गया। सभी को फल वितरण किए गए एवं बच्चों को खाने-पीने का सामान दिया गया। क्लब अध्यक्ष पारुल तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट जेडपीसी चित्रा बाजपेई, सीजीआर अनुराधा मिश्रा, एडिटर नीलम सिंह, सीपीसीसी रागिनी तिवारीए, आदि सदस्य मौजूद रहे। प्रेसिडेंट पारुल तिवारी ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर जे०बी० गोगोई एवं कारागार अधीक्षक अमन सिंह का आभार व्यक्त किया।

## चित्रकला एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** स्वतंत्रता दिवस के प्रथम सत्र में के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में आज चित्रकला एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बहुत से बच्चों द्वारा तिरंगा कार्ड, ईयर रिंग, चूड़ी इत्यादि भी बनाए जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र थे। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष को बच्चों का चयन करना मुश्किल हो रहा था उन्होंने बताया कि सभी एक से बढ़कर एक हैं चयनित बच्चों व सभी प्रतिभाग लेने वाले बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। बच्चों का चयन बरहा ग्राम के गणमान्य अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## चोरी की दो बैटरी सहित दो चोर गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मौलागंज में एक चबूतरे पर रखी 6 बैटरी चोरी होने के मामले में पुलिस ने दो चोरों को बैटरियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 20 जुलाई को दीप चन्द्र पुत्र छोटेलाल निवासी मोहल्ला मौलागंज द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के घर से बैटरी चोरी कर ली गई है। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। सरदारगंज चौकी प्रभारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये अमित पुत्र विश्राम और नीरपाल पुत्र कन्धई लाल निवासीगण मोहल्ला खेडा बीबीजई को चोरी की गई दो बैटरी सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# शुभमन जीत

सही मायनों में, दिग्गज क्रिकेटरों की अनुपस्थिति में युवा भारतीय क्रिकेटरों ने इंग्लैंड की धरती पर नया इतिहास रचा है। ओवल टेस्ट में उन्होंने इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली। जो मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, उसे अपनी जीत में बदल दिया। लगातार रोमांचक होते मैच को जीतकर टीम ने न केवल मैच जीता बल्कि शृंखला को भी दो-दो से बराबरी पर ला खड़ा किया। युवा तुर्कों ने उन तमाम क्रिकेट पंडितों की भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा शृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। ओवल टेस्ट के अंतिम क्षणों में मोहम्मद सिराज ने तो मैच का पासा ही पलट दिया। मैच के रोमांच ने बताया कि क्यों क्रिकेट पंडित टेस्ट क्रिकेट को असली क्रिकेट की संज्ञा देते हैं। भारत के धुरंधर क्रिकेटरों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ उतरी इस टीम ने कई इतिहास रचे, कई रिकॉर्ड तोड़े और नये रिकॉर्ड बनाए। भारतीय क्रिकेट के पिछले 93 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी शृंखला में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने चार सौ से अधिक रन बनाए हों। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारतीय खिलाड़ियों ने ये रन तेज गति व उछाल लेती पिचों के बीच बनाये। उन्होंने पूरे दमखम के साथ तेज ब्रिटिश गेंदबाजों का मुकाबला किया। दरअसल, लीड्स व लॉर्ड्स के मैच भारतीय टीम को करीबी मुकाबले में खोने पड़े अन्यथा टीम शृंखला भी जीत सकती थी। कप्तान शुभमन गिल की इसलिए भी तारीफ करनी होगी कि उन्होंने विदेशी पिच पर कप्तानी के दबाव के बीच भरपूर व सर्वाधिक रन बनाये। कई रिकॉर्ड्स उनकी सफल कप्तानी के गवाह हैं। मोहम्मद सिराज ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए न केवल अंतिम कीमती विकट लिए बल्कि पूरे मैच में नौ विकेट लेने के कारण 'मैन ऑफ द मैच' भी बने। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेकर अपने नाम के अनुरूप प्रसिद्धि हासिल की। ओवल मैच में यशस्वी जायसवाल,आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन के बल्लों से निकले रन भी इस जीत में खूब काम आए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने यह भी साबित किया कि वह विदेशी धरती में, विषम परिस्थितियों में व नामचीन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जीत की इबारत लिख सकती है। लगता है जूझते हुए आसन्न हार को जीत में बदलने का हुनर भी टीम ने सीख लिया। जीत के जुनून को हर समय महसूस किया गया। संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज बने शुभमन गिल के बल्ले से खूब रन बरसे। वे इस शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। यदि वे बीस रन और बना पाते तो एक शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। वहीं शृंखला में मोहम्मद सिराज नये सितारे बनकर उभरे और उन्होंने सिरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए। निस्संदेह, यह रोमाचक शृंखला टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में एक बेहतरीन शृंखला रही। पांचों टेस्ट मैचों में भारतीय टीम जीत के लिये जूझती नजर आई। शुभमन गिल कहीं से नहीं लगे कि वे एक नये कप्तान हैं। वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के शानदार विकल्प के रूप में सामने आए हैं। भले ही भारत ने छह रन से ओवल टेस्ट जीता हो मगर यह इतिहास में एक बड़ी जीत के रूप में दर्ज की जाएगी। जिसने हाथ से निकलती सीरीज को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया। वहीं गिल और सिराज के अलावा इस शृंखला में यशस्वी जायसवाल, के.एल. राहुल, ऋषभ पंत,जसप्रीत बुमराह व आकाश दीप जैसे सितारे भी चमके। निस्संदेह, रवींद्र जडेजा पुराने योद्धा हैं। गिल के पास बहुत समय है और उनसे लंबी पारी और विजयी शृंखलाएं खेलने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह, उनकी प्रतिभा भारतीय टीम में जीत का जुनून भरेगी। बहरहाल, शानदार उतार-चढ़ाव भरे पांच मैचों के मुकाबलों ने दर्शाया कि धमाकेदार टी-20 क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट का क्यों महत्व है। ये उन क्रिकेट पंडितों के लिये जवाब है जो टेस्ट क्रिकेट को बीते दिनों की बात कहने लगे थे।

**लगातार रोमांचक होते मैच को जीतकर टीम ने न केवल मैच जीता बल्कि शृंखला को भी दो-दो से बराबरी पर ला खड़ा किया। युवा तुर्कों ने उन तमाम क्रिकेट पंडितों की भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा शृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। ओवल टेस्ट के अंतिम क्षणों में मोहम्मद सिराज ने तो मैच का पासा ही पलट दिया। मैच के रोमांच ने बताया कि क्यों क्रिकेट पंडित टेस्ट क्रिकेट को असली क्रिकेट की संज्ञा देते हैं। भारत के धुरंधर क्रिकेटरों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ उतरी इस टीम ने कई इतिहास रचे, कई रिकॉर्ड तोड़े और नये रिकॉर्ड बनाए। भारतीय क्रिकेट के पिछले 93 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी शृंखला में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने चार सौ से अधिक रन बनाए हों।**

# राहुल और ट्रंप -ये रिश्ता क्या कहलाता है

- दोनों नेताओं को नरेंद्र मोदी की नीतियों ने परेशान कर रखा है, इसलिए अब इस समय दोनों एक ही भाषा बोलने लगे हैं
- मोदी सरकार बनने के बाद से अमेरिका और ट्रंप को कठघरे में खड़ा करने वाले राहुल अब डोनाल्ड ट्रंप की बातों का समर्थन कर रहे
- ट्रंप चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी जनरल आसिम मुनीर की तरह उन्हें नोबेल के लिए नॉमिनेट करें, पर मोदी इसके लिए तैयार नहीं
- भारत की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता के कारण भी ट्रंप को लगता है कि इससे उनकी चौधराहट को है खतरा
- भारत, रूस और चीन के संभावित संगठन को लेकर भी ट्रंप परेशान हैं , अगर ऐसा हुआ तो ये अमेरिका के लिए है बड़ा खतरा

## पाकिस्तानी जनता मोदी को मानती है आयरन मैन

इन दिनों पाकिस्तान की जनता नरेंद्र मोदी को आयरन मैन कहने लगी है। वहां, एक टीवी डिबेट में एक जानकार ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप उस नरेंद्र मोदी को झुकाना चाहते हैं, जो इस समय आयरन मैन की तरह काम कर रहा है। उनका कहना है कि मोदी किसी के दबाव में झुकने वाला नहीं है, और ऐसे में तो बिल्कुल ही नहीं जब उसका पुतिन जैसा साथी है। पाकिस्तानी अवाम कहती है कि नरेंद्र मोदी में यह भी क्षमता है कि वे विपक्ष के लोगों को भी अपने पक्ष में कर लेते हैं। इस सिलसिले में वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर, राजीव शुक्ला, मनीष तिवारी और शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का नाम देते हैं। उनकी बात में सच्चाई भी दिख रही है, क्योंकि ये सभी लोग अब भारत, भारत की सेना और भारत की इकोनॉमी की बाबत अपनी–अपनी पार्टी से अलग मत रखते हैं। और ये सभी इस समय सरकार के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। पाक की जनता यह भी शक है कि है कि डोनाल्ड ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम भी किसी हिडेन एजेंडे का परिणाम हो सकता है। जनता कहती है कि ट्रंप अपनी सुविधा के अनुसार भारत को पाकिस्तान के खिलाफ और पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करते रहते हैं। ऐसे में उनकी बात पर विश्वास करना, अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। उनका यह भी कहना है कि ट्रंप बेवकूफ आदमी है, वह किसी का सगा नहीं हो सकता। पाकिस्तान की जनता एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के लेकर भी परेशान है। वह कहती है कि यह नरेंद्र मोदी का ही कारनामा है कि उन्होंने उस ओवैसी को पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा कर दिया, जो सिर्फ मुस्लिमों की बात करता था। ओवैसी ने विदेशों में जाकर जिस तरह पाकिस्तान की ऐसी तैसी की है, उससे पाकिस्तान की अवाम हैरान हैं। इस समय पाकिस्तान में असदुद्दीन ओवैसी की चर्चाएं आम हैं।

अभयानंद शुक्ल
समन्वय सम्पादक

लखनऊ। भारत और अमेरिका में राहुल गांधी और डोनाल्ड ट्रंप के रिश्तों को लेकर लोग पूछने लगे हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। राजनीति और कूटनीति में एक स्थापित सत्य यह है कि इसमें कोई किसी का न तो स्थाई मित्र होता है और न ही स्थाई शत्रु। इसीलिए जो डोनाल्ड ट्रंप कल तक नरेंद्र मोदी की तारीफ करते नहीं थकते थे आज उनसे खफा हैं। दूसरी तरफ जो कंग्रेस और राहुल गांधी ट्रंप से सम्बन्धों को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करते थे, वे अब उन्हीं की भाषा बोलने लगे हैं। दरअसल कुल मामला एक-दूसरे के स्वार्थ को पूरा करने का है। ट्रंप को लगता है कि इस तरह का बयान देकर वे नरेंद्र मोदी और भारत को दबाव में लेकर पाकिस्तान की तरह अपना पिट्ठू बना लेंगे। और दूसरी तरफ राहुल गांधी को भी लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर मोदी सरकार को घेरना ज्यादा आसान है। ट्रंप ने लगातार 35 बार ये दावा कर दिया है कि उन्होंने ही भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई रूकवाई। और इसी दावे को आधार बनाकर राहुल गांधी कह रहे हैं कि मोदी सरकार एक विनिंग पोजीशन को छोड़कर ट्रंप के दबाव में सरेंडर कर गई। ऐसे में इस मामले में वह कहावत चरितार्थ हो रही है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। एक तरफ अमेरिका अपने टैरिफ टैक्टिस के चलते विश्व में अलग-थलग पड़ता दिखाई दे रहा है, तो वहीं राहुल गांधी भी अपने बेतुके और बे-सिर-पैर के बयानों के चलते भारतीय राजनीति में अपना महत्व कम करते जा रहे हैं।

भारत की तेज रफ्तार से बढ़ रही इकोनामी और उसके विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के कारण जितना परेशान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं, उतना ही परेशान भारत में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। ट्रंप को लगता है कि अगर इसी तरह भारत की इकोनॉमी बढ़ती रही तो भारत हमारी चौधराहट को कबूल नहीं करेगा। और राहुल गांधी इसलिए परेशान हैं कि अगर इसी तरह मोदी के नाम का डंका बजता रहा तो उनके सत्ता में आने के चांसेस धीरे-धीरे खत्म होते जाएंगे। इसीलिए दोनों नेता नरेंद्र मोदी से नाराज हैं, परेशान हैं। शायद यही कारण है कि जब भी डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि हमने भारत-पाक के बीच में युद्ध रुकवाया तो राहुल गांधी तत्काल उसको लपक लेते हैं, और कहते हैं कि मोदी ने ट्रंप के आगे सरेंडर कर दिया। और फिर जब डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था डेड इकोनामी है, तो इस बात को भी राहुल गांधी इसलिए पकड़ लेते हैं ताकि वे यह साबित कर सकें कि भारतीय अर्थव्यवस्था नरेंद्र मोदी के कारण छिन्न-भिन्न हो गई है। ताकि विपक्ष के नेता के रूप में उनके पास कहने के लिए कुछ बचा रहे। वैसे ये वही राहुल गांधी हैं जो नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद भारत के अमेरिका से मजबूत होते रिश्तों के कारण ट्रंप को पसंद नहीं करते थे। उन्होंने कभी उनकी तारीफ नहीं किया, 2014 के बाद तो बिल्कुल ही नहीं। क्योंकि तब मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की मित्रता की चर्चाएं थी, दोनों का आपस में अच्छा कोऑर्डिनेशन था। किंतु भारत के बढ़ते प्रभाव और उसकी बढ़ती इकोनॉमी के चलते अब ट्रंप परेशान हैं। और अब उन्होंने बारगेनिंग करना शुरू कर दिया है, इस बारगेनिंग के चक्कर में वह भारत से दूर होते चले गए हैं। और इसी स्थिति का फायदा उठाकर राहुल गांधी ट्रंप की बातों को सही बताते हुए नरेंद्र मोदी पर हमलावर हैं। आजकल राहुल गांधी को डोनाल्ड ट्रंप की सारी बातें सही और सच्ची लग रही हैं।

दरअसल ट्रंप नाराज इस कारण हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी और भारत उनका पिट्ठू बनने को तैयार नहीं हैं। पिछले दिनों ट्रंप ने भारत से कहा कि रूस से तेल मत खरीदो पर नरेंद्र मोदी ने मना कर दिया। क्योंकि रूस हमारा पुराना मित्र है और तेल भी सस्ता दे रहा है। मोदी का कहना है कि सस्ता तेल भारत की आर्थिक स्थिति के लिए भी ठीक है। इसके अलावा ट्रंप रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी नाराज हैं, क्योंकि वह उनके कहने पर यूक्रेन पर हमला नहीं रोक रहे हैं। और पुतिन उनके इस दावे पर भी चोट पहुंचा रहे हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वे रूस और यूक्रेन की लड़ाई रोकवा देंगे। ट्रंप इस दावे पर भी चुनाव जीत कर आए हैं। और चूंकि भारत के पुतिन से अच्छे संबंध हैं, इसलिए ट्रंप को यह बात अच्छी नहीं लग रही है। वे इंडिया के जरिए पुतिन को दबाव में लेना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि भारत रूस से तेल खरीद कर रूस को आर्थिक रूप से मजबूत न करे, लेकिन भारत उनके दबाव में नहीं आ रहा है।

इसके अलावा ट्रंप ने नरेंद्र मोदी से यह अपेक्षा की थी कि वे पाकिस्तान की तरह उसके लिए नोबेल प्राइज की सिफारिश करें, लेकिन मोदी ने मना कर दिया। बताते हैं कि जब नरेंद्र मोदी कनाडा में मीटिंग के लिए गए थे, तब डोनाल्ड ट्रंप ने अपेक्षा की थी कि मोदी अमेरिका आकर उनके साथ बैठक करें और वहीं से उनकी नोबेल प्राइज की दावेदारी का समर्थन करें। किंतु तब तक ट्रंप दबाव बनाने की रणनीति के तहत ये बयान दे चुके थे कि उन्होंने ही भारत-पाक के बीच लड़ाई रूकवाई। ऐसे में नरेंद्र मोदी ने उनका इशारा समझ लिया और अमेरिका नही गये। खबर है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी इस उपेक्षा से भी नाराज हैं। दरअसल ट्रंप ने यह सोचा था कि जिस तरह उन्होंने पाकिस्तान के जनरल आसिम मुनीर को अपने यहां दावत देकर नोबेल की सिफारिश वाला बयान दिलवा दिया, शायद इस तरह नरेंद्र मोदी भी कर दें, किंतु नरेंद्र मोदी उसके लिए तैयार नहीं हुए। क्योंकि नरेंद्र मोदी अगर ऐसा करते तो घरेलू मोर्चे पर उन्हें जवाब देना भारी पड़ जाता। भारत का विपक्ष पहले से ही ट्रंप के बयान को लेकर मोदी सरकार पर हमलावर था। ऐसे में नरेंद्र मोदी ने इस मामले में सावधानी बरती और डोनाल्ड ट्रंप के झांसे में नहीं आए।

इसके अलावा ट्रंप ने भारत से कहा कि हमारी शर्तों पर व्यापार करो पर भारत ने मना कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप का मानना है कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार करके भारी मुनाफा कमा रहा है। ऐसे में वे चाहते हैं कि भारतीय उत्पादों पर भारी टैक्स लगे पर भारत को यह पसंद नहीं है। इसीलिए भारत ने विकल्प के रूप में ब्रिटेन और रूस की तरफ कदम बढ़ाया है। इसके अलावा इन दिनों चीन की भी बोली भारत के प्रति थोड़ी डायलूट हुई है। इसे लेकर भी ट्रंप परेशान हैं। उधर ट्रंप की धमकी से बेपरवाह भारत में ब्रिटेन से फ्री ट्रेड का समझौता कर लिया है और रूस से तेल खरीद ही रहा है।

ट्रंप दरअसल दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं, और वहां के कानून के मुताबिक अमेरिका में कोई व्यक्ति दो बार ही राष्ट्रपति बन सकता है। ऐसे में ट्रंप के पास बहुत ज्यादा समय नहीं है। वे चाहते हैं कि जाते-जाते अपने लिए नोबेल पुरस्कार की जमीन पुख्ता कर लें ताकि पुराने पाप धुल जाएं। पिछले दिनों खबर आई थी कि उनका कोई पुराना सेक्स स्कैंडल था, जिसके बारे में चर्चाएं शुरू हो गई थीं। ऐसे में उनकी बदनामी शुरू हो गई थी। इसके अलावा उनके चुनाव अभियान में सबसे बड़े मित्र और मददगार रहे अमेरिकी उद्योगपति एलोन मस्क ने भी उनका साथ छोड़ दिया है, जो उनके लिए एक बड़ा सेटबैक है। एलोन मस्क ने उनकी रोक के बावजूद भारत में अपनी टेस्ला कार का शोरूम खोल दिया है। उन्होंने तो एक नयी पार्टी का भी एलान कर दिया है। ट्रंप इन सब घटनाओं से बहुत परेशान हैं। उन्हें लगता है कि अगर सब ऐसे ही चलता रहा तो उनकी इमेज को बहुत बड़ा बट्टा लगेगा। इसीलिए वे चाहते हैं कि कोई न कोई जुगाड़ करके नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन तो हो ही जाए, किंतु पाकिस्तान के अलावा किसी देश ने उनकी इस दावेदारी का समर्थन नहीं किया है। इस मामले में नरेंद्र मोदी भी घास नहीं डाल रहे हैं। इसके अलावा भारत ने ट्रंप के आपरेशन सिंदूर रोकने सम्बंधित सभी दावों को भी खारिज कर दिया है। संसद में भी बयान दे दिया गया है कि भारत-पाक की लड़ाई रोकने में किसी देश की कोई भूमिका नहीं थी। लेकिन बार-बार बयान देकर ट्रंप सिर्फ भारत पर दबाव बनाना चाहते हैं और राहुल गांधी ट्रंप के उन्हीं बयानों को लेकर नरेंद्र मोदी पर हमलावर हैं। लेकिन विपक्ष के उनके साथी भी अब धीरे-धीरे यह मानने लगे हैं की लड़ाई रोकने में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। इस मामले में कांग्रेस नेता शशि थरूर, राजीव शुक्ला, मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम और शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी के बयान महत्वपूर्ण हैं। ये सभी लोग राहुल गांधी के बयानों की हवा निकाल रहे हैं। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप और राहुल गांधी दोनों ही खिसियाए हुए हैं, और अनर्गल बयान बाजी पर उतर आए हैं।

इसी से नाराज होकर ट्रंप ने अब पाकिस्तान के सिर पर हाथ रखा है और भारत की तुलना में पाकिस्तान पर 6 फीसदी कम यानी मात्र 19 परसेंट का टैरिफ लगाया है। हालांकि पाक अवाम उनकी चालाकी को समझ रही है और उसे इस पर विश्वास नहीं हो रहा है। पाकिस्तानी जनता यह भी मानती है कि पुतिन भारत के अच्छे दोस्त हैं, और उन्होंने उनकी हर समय मदद की है। पाक अवाम का तो यहां तक कहना है कि भारत तो अभी तक ट्रंप से दोस्ती का दिखावा कर रहा था, क्योंकि भारत का असली दोस्त तो रूस ही हैं। पाक की अवाम का मानना है कि भारत ने ट्रंप को इतने दिन तक बेवकूफ बना कर रखा। दूसरी तरफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद पुतिन के समझाने पर ही शायद चीन ने भी भारत के प्रति अपना नजरिया बदला है। उसके विदेश मंत्री ने तो यहां तक कहा है कि अब समय आ गया है भारत, चीन और रूस का एक परिसंघ बनना चाहिए जो दुनिया में एक मजबूत ताकत बनकर उभर सकता है। हालांकि इतनी जल्दी चीन पर विश्वास करना होशियारी भरा कदम नहीं होगा, किंतु इस समय यह बात ट्रंप को परेशान तो कर ही रही है। इस खबर के बाद से ही ट्रंप और परेशान हैं। उनको लगता है कि अगर ये तीनों देश साथ मिल गये तो उनकी चौधराहट खत्म हो जाएगी। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप की लगातार कोशिश है कि भारत के खिलाफ बयान दे देकर नरेंद्र मोदी को दबाव में लाकर अपना उल्लू सीधा किया जाए। किंतु भारत के लोग भी अब उनके बयानों को बहुत तवज्जो नहीं दे रहे हैं। इस बाबत शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का बयान काफी महत्वपूर्ण है। वे कहती हैं कि ट्रंप क्या कहते हैं, इससे हमें कोई सरोकार नहीं। हम तो अपने डीजीएमओ, अपनी सेना और अपनी सरकार की बात मानते हैं। इसके अलावा ट्रंप के बयान की धज्जियां उड़ाते हुए कंग्रेस सांसद शशि थरूर और राजीव शुक्ला कहते हैं कि ट्रंप का यह कहना कि भारत एक डेड इकोनामी है, गलतबयानी है। उनका कहना है कि भारत पिछले 10 सालों में लगातार तरक्की कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। भारत सिर्फ उत्पादन ही नहीं कर रहा, उसकी अपनी मार्केट भी है। ऐसे में ट्रंप की बात विश्वास करने योग्य नहीं है। लेकिन इसके बावजूद कंग्रेस नेता राहुल गांधी ट्रंप की बात को तवज्जो दे रहे हैं तो सिर्फ इसलिए कि इससे उनको नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ नैरेटिव सेट करने में मदद मिल रही है। इसके लिए वे लगातार झूठ भी बोल रहे हैं, और झूठ ही बोलने के चक्कर में कई बार सुप्रीम कोर्ट की लताड़ भी पा चुके हैं। इसके बावजूद न तो राहुल गांधी के सलाहकार यह बात समझ रहे हैं, और न ही स्वयं राहुल गांधी। मतलब साफ है कि राहुल गांधी को डोनाल्ड ट्रंप के बयानों में अपना मतलब दिख रहा है इसलिए ट्रंप के बयान और ट्रंप उन्हें दोनों ही अच्छे लग रहे हैं।

# धराली आपदाः यह हम सभी के चेत जाने का समय है

डॉ. प्रियंका सौरभ

**भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ़ भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड– हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहन शक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस ज़मीन को सदियों से पेड़ों ने थामा हुआ था, वहां अब कंक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह ज़मीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती– परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है। बादल फटते हैं, बाढ़ आती है और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था? नदियाँ सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है।**

यह अजीब विडंबना है कि जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो हम सिर्फ़ मरने वालों पर शोक प्रकट करते हैं जबकि जिनके लालच, उपेक्षा और मूर्खता से वह आपदा आई, उन पर सवाल उठाने का साहस नहीं करते। एक नदी के बहाव में बहे मकानों और दुकानों को देखकर हम आंसू तो बहाते हैं, लेकिन क्या हम उस कुकर्म पर विचार करते हैं जिसने नदी की गोद में घर बनवा दिए? आज भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह मनुष्य का प्रलोभन ही विनाश का बीज बन चुका है। हाल की घटनाएं- उत्तरकाशी, जोशीमठ, केदारनाथ, किन्नौर या हिमाचल की तबाही- सभी हमें याद दिलाती हैं कि जब मनुष्य अपने हित में प्रकृति की रेखाएं मिटा देता है, तो नदी, पहाड़, बादल और धरती एक दिन सबकुछ वापस ले लेते हैं। मेरे घर के पास एक छोटा-सा रेस्तरां है। उसके नल से दिन-रात पानी टपकता रहता है। मैंने कई बार कहा, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा। एक ढीला वॉशर बदलने से समस्या हल हो सकती है, लेकिन सौ-पचास रुपये की मरम्मत उनके लिए बेमतलब है। पानी बहता है, तो बहता रहे। क्या यह एक रेस्तरां तक सीमित लापरवाही है? बिल्कुल नहीं। यह प्रतीक है उस मानसिकता का जो कहती है- ''जो हो रहा है, होने दो। हमें क्या फर्क पड़ता है?'' इस सोच के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ जाता है, गाड़ियों से निकलती धुआं-संस्कृति जारी रहती है, कचरे में दम तोड़ती गायें खड़ी रहती हैं और हिमालय की छाती पर रिसॉर्ट्स उगते रहते हैं। भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ़ भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड- हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहन शक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस ज़मीन को सदियों से पेड़ों ने थामा हुआ था, वहां अब कंक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह ज़मीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती- परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है। बादल फटते हैं, बाढ़ आती है और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था? नदियाँ सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है। लेकिन जब हम घाटी में मकान बना लेते हैं, नदी के किनारे होटल ठोक देते हैं, तो वह नदी अपने रास्ते पर दोबारा लौटेगी ही। उत्तरकाशी की हालिया त्रासदी में पूरा गांव बह गया। लेकिन वह गांव पहाड़ों की गोद में नहीं था- वह नदी के पाट में बना था। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था। लालच कभी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतज़ार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवज़े का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ़ एक 'डॉक्युमेंट' बना दिया है। नीति आयोग से लेकर नगर पंचायत तक, हर स्तर पर विकास का मतलब अतिक्रमण हो गया है। क्या यह दुखद नहीं कि पहाड़ों पर हो रही तबाही के बीच भी लोग 'डील' खोज रहे हैं- इस सीजन होटल सस्ते मिल जाएंगे? क्या हमने चेतना खो दी है? दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर पर एक ऑटो चालक ने मुझे बताया कि उसने किसी को यमुना में प्लास्टिक की बोतल फेंकते देखा और बहुत दुखी हुआ। एक छोटे इंसान की बड़ी भावना! लेकिन क्या उस भीड़ को कोई समझा सकता है जो हर नदी, हर घाट, हर पहाड़ को बस 'घूमने की जगह' समझती है? हमारी आंतरिक यात्रा कभी शुरू ही नहीं होती। हम गाड़ी में बैठकर पहाड़ तक तो पहुंच जाते हैं लेकिन हमारे अंदर का इंसान वहीं के वहीं मैदान में पड़ा रहता है- लालची, उपभोगी और शोरगुल में डूबा। रेस्तरां का टपकता नल भले ही प्रतीकात्मक हो लेकिन यह उसी उपेक्षा का प्रतीक है जो हमने हिमालय और पर्यावरण के साथ बरती है। हम जिस संसाधन को रोज़ टपकने देते हैं- पानी, हवा, हरियाली, मिट्टी, हिमनद- वे एक दिन सूख जाएँगे। फिर नल नहीं टपकेगा, तब शायद उसमें से हवा भी न निकले। हम गाय को कचरा खिला कर भी उससे दूध की उम्मीद रखते हैं। हम पेड़ काट कर भी चाहते हैं कि बारिश हो। हम नदी को नाला बनाकर भी उससे आचमन की कामना करते हैं। क्या यह पाखंड नहीं है? अब समय मौन शोक का नहीं, चेतने का है। अगर हम नहीं चेते, तो अगली बार कोई नदी, कोई पहाड़, कोई हवा, कोई भूचाल हमें बख्शेगा नहीं। हमें पुनर्विचार करना होगा कि क्या हम अपने छोटे-छोटे प्रलोभनों को तिलांजलि देने को तैयार हैं? क्या हम पर्यावरणीय संतुलन को विकास की नींव बना सकते हैं? क्या हम 'घूमने' की जगह 'जुड़ने' की भावना से प्रकृति के पास जा सकते हैं? मैं हिमालय नहीं जाती, न ही अपनी यात्राओं को पहाड़ों पर थोपती हूँ। यह कोई त्याग नहीं, सिर्फ़ समझदारी है। मैं विंध्याचल और अरावली की छोटी पहाड़ियों से संतुष्ट हूँ, क्योंकि मुझे लगता है कि हिमालय की छाती पहले ही विदीर्ण है- उसे और कष्ट देना अब पाप है। जब तक हम विकास को सिर्फ़ भवनों और दुकानों में मापते रहेंगे, तब तक विनाश हमारा पीछा नहीं छोड़ेगा। हर बहता नल एक आपदा की दस्तक है। हर रिसता पहाड़, हर-भरा हुआ नदी का पाट, हर टूटता पुल हमें चेतावनी देता है कि प्रलोभन का परिणाम बहुत गहरा होता है। नदियाँ जब निगलने लगती हैं, तबतक देर हो चुकी होती है।

# छतरी थामे, घुटनों तक पानी में चलकर बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचे एडीएम, जाना हाल

- डीएम के निर्देश पर एडीएम ने तहसील सदर व धौरहरा क्षेत्र का भ्रमण किया, गांव-गांव पहुंचा भोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। हाथ में छतरी, घुटनों तक पानी और चेहरे पर संकल्प३ बुधवार को ऐसा ही मानवीय चेहरा नजर आया एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह का, जब वे बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने खुद पानी में उतरकर गांव-गांव पहुंचे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सदर और धौरहरा तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने न सिर्फ हालात देखे, बल्कि ग्रामीणों से सीधे संवाद कर मदद का भरोसा भी दिलाया। एडीएम सबसे पहले एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह के साथ रेहरिया गांव पहुंचे। पानी भरे रास्तों को पार करते हुए वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोजन दोनों समय हर हाल में पहुंचे और किसी जरूरतमंद को अनदेखा न किया जाए। इसके बाद केवलपुरवा राहत शिविर और खानीपुर बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा और पशुपालन टीमों को सतर्क रहने को कहा गया। धौरहरा तहसील के गोडियाना मजरा टहारा गांव में भी एडीएम पहुंचे। उन्होंने एसडीएम शशिकांत मणि के साथ ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेचेलाल महाविद्यालय स्थित राहत केंद्र और ओएनजीसी हॉस्पिटल का भी जायजा लिया। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों में कोई लापरवाही न हो, हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे। प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ हर कदम पर खड़ा है।

### गांव-गांव पहुंचा भोजन, चेहरों पर लौटी उम्मीद की रौशनी

निरीक्षण के तुरंत बाद एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर राजस्व प्रशासन की टीमें हरकत में आ गईं। दोनों तहसीलों में बाढ़ प्रभावित गांवों में लंच पैकेट लेकर कर्मचारी पहुंचे और सैकड़ों परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया। प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

# बाघ ने नीलगाय का शिकार किया पशुपालक किसानों में दहशत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के अंतर्गत आने वाले गांव कोडरी व मदारपुर बसही के मध्य बोई सब्जियों के खेत के पड़ोस बोये ढैंचा के खेत में एक बड़ी घटना हुई। सुबह करीब 6 बजे बाघ ने एक नीलगाय का शिकार किया, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई है।

पशुओं के लिए चारा लेने गए ग्रामीण शेरसिंह यादव ने पड़ोसी के खेत में बोये ढैंचा में किसी हिंसक जानवर के गुर्राहट की आवाज सुनी तो शोर मचाते हुए गांव पहुंचे। वहां से वन विभाग को सूचित किया गया। पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मौके पर जाकर देखा तो एक वयस्क नीलगाय का अधखाया शव पड़ा था। निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि नीलगाय की मौत करीब तीन घंटे पूर्व बाघ के हमले से हुई है। खेत में संघर्ष होने के भी निशान मिले हैं। वन विभाग के अनुसार बाघ आस-पास ही मौजूद होने की संभावना है। ग्रामीणों को शाम-सुबह इस ओर आने की सख्त मनाही की गई है। पशुओं का चारा लाने के लिए समूहों में हांका लगाते हुए जाने की अपील की गई है।

इस मौके पर शेरसिंह, बाबू सिंह, रामसुमित, धर्मेंद्र यादव, सर्वेश, अमित कुमार, उमेश अवस्थी और वन विभाग की टीम मौजूद रही।

# तेज हवा बरसात से निघासन धौरहरा हाईवे पर गिरा विशाल पेड़, दो घंटे तक बाधित रहा यातायात



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

धौरहरा खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार सुबह तेज बारिश और आंधी के कारण निघासन धौरहरा हाईवे पर खरवैया गांव के पास एक विशाल पकरिया पेड़ सड़क पर आ गिरा। पेड़ गिरने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बारिश और हवा के चलते जहां यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी, वहीं प्रशासन व ग्रामीणों को पेड़ हटाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे की मेहनत के बाद वन विभाग और स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को काटकर हटाया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर पुराने और कमजोर पेड़ तेज हवा में गिर जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने प्रशासन से समय रहते ऐसे पेड़ों की छंटाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके।

## शेरपुर में श्री रूद्रमहायज्ञ के चतुर्थ दिवस हुआ हवन-पूजन, बारिश में भी भक्तों ने की परिक्रमा

अजान खीरी। भारी बारिश होने के बावजूद गांव शेरपुर में चल रही श्री रूद्रमहायज्ञ के चतुर्थ दिवस पर यज्ञाचार्य पंडित पवन कुमार बाजपेई के वैदिक मंडल ने पूजन कराया। यजमानों ने सपत्नीक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुति डाली। बारिश में भी भक्तों ने परिक्रमा कर यज्ञ पुरूष भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञाचार्य पवन कुमार बाजपेई ने बताया कि अग्निदेव प्राकट्य होते ही मंत्रोच्चार कर यजमानों से हवनकुंड में आहुति शुरू की गई है। आज भी हवन पूजन किया जाएगा। गुरुवार को 51 पार्थिव शिवलिंग पर सामुहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा। कथाव्यास ठाकुर वैद्यनाथ सिंह ने महाभारत की कथा से द्रोपदी की लाज बचाने की कथा ओजस्वी ढंग से सुनाई, जिससे सभी श्रोता रोमांचित हो गए। पंडित रामकिंकर शुक्ल ने श्री राम जन्म की पावन कथा श्रवण कराई जिसे सुनकर सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

# मुख्यमत्री पुरस्कार योजना के चलते जडौरा ग्राम में हो रहा शवदाह स्थल का निर्माण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। विगत वर्ष सत्र 2023,24 मे जडौरा ग्राम पंचायत को क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि व ग्राम प्रधान श्रीमती संध्या आशीष मिश्र के अधक प्रयासो से मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के तहत पैतीस लाख रूपये की धनराशि का आवंटन ग्राम सभा जडौरा के चहुंमूखी विकास के लिये धन आहरित हुआ था। जिसके चलते ग्रामसभा जडौरा मे लगभग दो लाख रूपयों की लागत के चलते ''शवदाह'' स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान संध्या आशीष मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशी के तहत ग्राम सभा जडौरा मे गांव के पूरब ग्राम सभा की जमीन प्रस्तावित शवदाह स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। जोकि इसमे सात बाई पाच मीटर की परिध मे निर्माण कराया जायेगा जो कि आधुनिक सुविधाओ से लैस होगा। जिसमे टाइल्स,पानी की टंकी, बैठने के लिये सीमेन्टेड कुर्सियां आदि का भी प्रस्ताव है। ग्राम प्रधान ने बताया कि इससे पहले ग्राम जडौरा मे इसी राशी से सडके,सौर्य उर्जा की लाइटे,नल, सागरदास बाबा स्थल पर बाटरपार्क,आदि का निर्माण कराया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर की आर्य शुक्ला ने क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में मचाया धमाल



लखीमपुर खीरी। प्रयागराज में आयोजित 36 वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में लखीमपुर की आर्य शुक्ला ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर की कक्षा 8 की छात्रा आर्य शुक्ला ने बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, जनपद और परिवार का गौरव बढ़ाया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में काशी, कानपुर, गोरख और अवध प्रान्त की छात्राओं ने भाग लिया। आर्य शुक्ला ने अपनी मेहनत और लगन से इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्य शुक्ला की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों और परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। आर्य शुक्ला लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय कुबेर शंकर शुक्ला की पौत्री हैं। आर्य शुक्ला की इस उपलब्धि से लखीमपुर का नाम रोशन हुआ है। आर्य शुक्ला की इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मेहनत करेंगे।

### नगर में मिलावटी मिठाइयां बेचे जाने की शिकायत डीएम से कर कार्रवाई की मांग की गई

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में मिलावटी मिठाइयां बेचे जाने के संबंध कई बार शिकायत करने के बावजूद भी ठोस कार्रवाई न होने को लेकर हिंदू शेर सेना के जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना द्वारा जिला अधिकारी को पत्र भेज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। डीएम को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला जोकि छोटी काशी के नाम से मशहूर है। यहां पर वारहो महीना दूर दराज अंचलों से विश्व भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। यहां पर मिलावटी मिठाईयों के चल रहे कारखाने थोक में मिठाइयों की सप्लाई कर रहे हैं। जिन पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। फूड विभाग इस ओर हर समय आंखें मुड़े रहता है। तभी विकास चौराहे के निकट रमेश पांडे मकान के पास में एक एक मकान पर कुंतलों मिलावटी बुंदी के लड्डू गंदगी के स्थान पर बना रहा है। वहीं पिछली बार भी गंदगी से भरपूर स्थान होने की शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न किए जाने पर फूड विभाग की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है। हम कार्रवाई की करते हैं फूड इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ वसूली करने में डटा हुआ और कार्रवाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति कर रहा है इसलिए शासन से मांग करते हैं की उच्च स्त्रीय कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का जन्मदिवस बड़े धमधाम से मनाया गया

मैलानी खीरी। नगर पंचायत मैलानी में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का जन्मदिवस बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और सभासदगण ने भाग लिया और उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनूप गुप्ता के जन्मदिवस पर केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरित किए और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी, गुरमीत कौर, सतीश गुप्ता, द्वारिका प्रसाद गोयल, मनोज राही, बट्लू, पूजा, रागनी, फरहान और हरियरदत्त सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने मिलकर अनूप गुप्ता के जन्मदिवस पर बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की।

### साहित्यकार राम मोहन गुप्ता ने अग्रिमा शुक्ला को किया सम्मानित



लखीमपुर खीरी। साहित्य और संवेदना के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नाम साहित्यकार राम मोहन गुप्ता ने पत्रकार सर्वेश शुक्ला की पुत्री अग्रिमा शुक्ला को सम्मानित कर उसकी प्रतिभा को सराहा। यह सम्मान नन्ही उम्र में मिले उस प्रेरणा का प्रतीक है, जो बालमन को सृजनशीलता की ओर उन्मुख करता है।कार्यक्रम के दौरान राम मोहन गुप्ता ने कहा,''बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना हमारे साहित्य और समाज दोनों के लिए शुभ संकेत है। अग्रिमा जैसी प्रतिभाएं भविष्य की रोशनी हैं।''सम्मान के इस प्रेरणादायी अवसर पर अग्रिमा शुक्ला की रचनात्मक क्षमता की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गले में सिक्का फंसने से बच्चे की हालत गंभीर

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। चकमीरापुर गांव के राम रतन के 4 वर्षीय बेटे श्रेयांश ने खेलते समय एक रुपए का सिक्का मुंह में रख लिया। सिक्का अचानक उसके गले में फंस गया। जब बच्चा दर्द से रोने लगा, तब परिजनों को घटना का पता चला। वे तुरंत उसे मंगलवार की रात 9 बजे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। वहां डॉक्टर ने बच्चे की जांच की। सिक्का गले में फंसने से बच्चे को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। साथ ही उसे बार-बार उल्टी भी आ रही थी। परिजन चिंतित होकर बच्चे को बार-बार पानी पिलाते रहे ताकि सिक्का अंदर चला जाए। डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे कानपुर के उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय संसाधनों की सीमितता के कारण यह निर्णय लिया गया जहां बेहतर इलाज संभव है। बच्चे की बिगड़ती हालत से परिजन अत्यंत चिंतित हैं। पिता राम रतन और मां की आंखों में डर और बेचैनी साफ दिखाई दे रही थी। वे तुरंत बच्चे को लेकर कानपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

### करंट की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल

बांगरमऊ-उन्नाव। विद्युत लाइन पर चढ़कर कुछ कार्य करते समय करेंट की चपेट में आकर एक युवक नीचे गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गया जिसे बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।

# शरद कालीन गन्ना बुआई के लाभ एवं गन्ना फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम बाबूपुर में वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गन्ना किसान संस्थान,प्रशिक्षण केन्द्र शाहजहांपुर के सहा0 निदेशक /वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ0 पी0 के0 कपिल,वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 आर0 डी0 तिवारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर व वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी0 एस0 चतुर्वेदी एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 156 किसानों ने भाग लिया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ0 आर0 डी0 तिवारी ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा साथ ही उन्नतिशील प्रजातियों जैसे को0-0118,को0-15023, कोलख0-14201,कोलख0-16202,कोशा0-13235,कोशा0-17231 के बारे में विस्तार से बताया और कार्बनिक खाद,रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। सहा0निदेशक डॉ0 पी0 के0 कपिल ने फसल सुरक्षा प्रबन्धन पर चर्चा करते हुए टॉप बोरर,रेड रॉट, पोक्का बोइंग की पहचान व बचाव के बारे में,शरदकालीन गन्ना बुआई में ट्रेंच विधि का प्रयोग,सहफसली खेती,गन्ने की नर्सरी व पेड़ी प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने सर्वे/सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा गन्ना सर्वेक्षण कार्य समाप्त होने के पश्चात चल रहे गन्ना सर्वेक्षण सूची/सट्टा प्रदर्शन में सभी कृषको को अपने अपने सट्टे से सम्बंधित सभी समस्याओं को अपने सुपरवाइजर से मिलकर निदान कराने की सलाह दी। गोष्ठी का मंच संचालन प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया। अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक व डेलीगेट गोला समिति श्री कृष्ण ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया।

गोष्ठी मेंनोखेलाल, राजाराम,रामनिवास. वर्मा, वीरेन्द्र कुमार (डेलीगेट), अवधेश कुमार, अनिल कुमार, सुशील कुमार आदि सैकडों कृषक व उपप्रबन्धक गन्ना शिवांशु शुक्ला, कामदार अमरनाथ,संजय प्रजापति सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनूप गुप्ता के जन्मदिन पर पालिकाध्यक्ष ने अस्पताल में फल किए वितरित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान प्रदेश महामंत्री/विधान परिषद सदस्य(ख्रख्रए) अनूप गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर न0पा0परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों मे फल वितरित कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ,भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पिछडा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, सी जी एन गोला पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय बाजपेयी, पूर्व नगर महामंत्री अनुराग गुप्ता, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता, नवनीत वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनसीसी भर्ती -दौड़ एवं लिखित परीक्षा दे अभ्यर्थियों ने बहाया पसीना



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सफीपुर-उन्नाव। स्थानी महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में एनसीसी की 57 यूपी बटालियन के अंतर्गत जूनियर एवं सीनियर वर्ग के कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया की गई।शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा के उपरांत मेरिट के आधार पर परिणाम घोषित किया जाएगा।अनुशासनपूर्ण परीक्षा कराने आए आर्मी अधिकारियो के निर्देशन में अभ्यर्थियों में खुद को साबित करने का जुनून साफ झलका।आवश्यक लंबाई और रेस का अव्वल प्रदर्शन ही परीक्षा हेतु चयन का मानक बनाया गया।

आर्मी बटालियन के सूबेदार केएम तिवारी व सूबेदार नारायण सिंह, लेफ्टिनेंट सुभाष चंद्र, सेकेण्ड ऑफिसर कुलदीप कुमार, आर्मी में हवालदार मनप्रीत सिंह ने भर्ती की शुरुआत अभ्यर्थियों की मापजोख से की।स्टेचर मीटर (हाईट मेजरमेंट मीटर) पर 1.65 मीटर से कम लंबाई वाले आवेदक बाहर कर दिए गए।कुल 187 आवेदक छात्र जिन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद लिखित एक्जाम हेतु अर्ह माना गया। सूबेदार कविन्दर मोहन तिवारी व हवालदार मनप्रीत सिंह ने बताया कि एसडी (सीनियर डिवीजन) 65 सीटों में 34 सीटों पर जेडी (जूनियर डिवीजन) 25 की रिक्त सीटें पर अभ्यर्थियों ने भाग लिया।जिनपर परीक्षा परिणाम के आधार पर तैयार मेरिट के मुताबिक चयन किया जाएगा।

15-15 छात्रों की 600 मीटर रेस में प्रथम से लेकर 5 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सेलेक्ट किया गया। इस दौरान एनसीसी आर्मी के सूबेदार कविन्दर मोहन तिवारी,सूबेदार नारायण सिंह,हवालदार मनप्रीत सिंह ,लेफ्टिनेंट सुभाष चंद्र, सेकेण्ड अफसर कुलदीप पटेल ,प्रधानाचार्य मनीष कुमार,सफीपुर सीएचसी मेडिकल टीम से डॉ हेमंत कुमार,संजय कुमार, डॉ मीना उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

बांगरमऊ-उन्नाव। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव कबीरपुर में एक युवक का शव उसके घर के छप्पर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने 22 वर्षीय मनोज पुत्र इंद्रपाल का शव देखा और इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव छप्पर में फंदे पर घुटनों के बल लटकता हुआ मिला था। इस वजह से कुछ लोगों ने घटना पर संशय जताया है। कुछ लोग इस घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक मनोज तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे भाई और मां गुड्डी सहित सभी परिजन दिल्ली में रहते हैं। इस कारण वह अकेले ही गांव में रहता था। वह आसपास के क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करके अपना गुजर-बसर करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह कुछ नशीले पदार्थों का भी सेवन करता था।

# पेयजल परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- कार्यदायी संस्थाओं को दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल परियोजनाओं की गहन समीक्षा की और दो टूक कहा कि जल आपूर्ति में देरी अब बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक के दौरान डीएम ने जिले में कार्यरत दो प्रमुख निर्माण एजेंसियों एनसीसी लिमिटेड और वीटीएल लिमिटेड द्वारा संचालित कुल 904 परियोजनाओं (एनसीसी की 667 और वीटीएल की 237) की प्रगति का विस्तार से आंकलन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो योजनाएं लगभग पूर्ण हो चुकी हैं, उनमें तत्काल जलापूर्ति शुरू करवाई जाए। वहीं जिन योजनाओं में कार्य अधूरा है, उन्हें गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण जनता की आधारभूत जरूरतों से जुड़ा है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को चेताते हुए कहा कि शिथिलता पाए जाने पर कार्रवाई तय है। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने परियोजना की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। समीक्षा बैठक में डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता समेत संबंधित विभागों के अधिकारी व तकनीकी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज

एजेंसी



दुबई। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वें रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी।

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रूक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ओवल में दूसरी पारी में 98 गेंद पर 111 बनाए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## रूट को मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था: हैरी ब्रूक

लंदन। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने भारतीय कोच गौतम गंभीर के उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि यह सम्मान पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट को मिलना चाहिए था। श्रृंखला 2-2 से बराबर रहने के बाद प्रत्येक टीम के कोच ने प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए विपक्षी टीम से एक खिलाड़ी का चयन किया। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में कप्तान शुभमन गिल को जबकि गंभीर ने इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में ब्रूक को चुना। ब्रूक ने बीबीसी से कहा, ''मैंने रूटी (जो रूट) जितने रन नहीं बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था। उन्हें इन गर्मियों में फिर से इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''यह श्रृंखला शानदार रही। ईमानदारी से कहूं तो पहले मैंने नहीं सोचा था कि श्रृंखला बराबर रहेगी।''

# कनेडियन ओपन 2025: ओसाका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, टॉसन ने कीज़ को हराया

एजेंसी



मॉन्ट्रियल। जापान की पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 और चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने मंगलवार रात कनाडियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने 10वीं वरीयता प्राप्त एलीना स्वितोलिना को महज 6-2, 6-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को जारी रखा। सेमीफाइनल में अब ओसाका का सामना 16वीं वरीय क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने दिन के पहले क्वार्टरफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 6-1, 6-4 से हराकर चौंका दिया। ओसाका, जो 2022 में मियामी ओपन के फाइनल के बाद पहली बार किसी डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंची हैं, 2023 में बेटी शाई के जन्म के लिए 15 महीने के ब्रेक के बाद टेनिस में लौटी हैं। वह अपने करियर का आठवां खिताब और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। इस बीच, बुधवार को खेले जाने वाले एक और सेमीफाइनल में, कनाडा की 18 वर्षीय विक्टोरिया म्बोको का मुकाबला नौवीं वरीय एलेना रायबाकिना (कजाखस्तान) से होगा। टोरंटो की रहने वाली म्बोको, जो पहली बार नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेल रही हैं, इस टूर्नामेंट के शानदार प्रदर्शन के चलते टॉप 50 रैंकिंग में प्रवेश करेंगी। उन्होंने टूर्नामेंट में टॉप सीड कोको गॉफ सहित पाँच उच्च वरीय खिलाड़ियों को हराया है। क्लारा टॉसन ने अपनी जीत अपने दादा पीटर को समर्पित की। उन्होंने मैच के बाद कोर्ट पर भावुक होते हुए कहा, ''मैं आज उनके लिए जीत चाहती थी। उन्होंने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, टेनिस खेलने में मदद की, स्कूल से हर दिन प्रैक्टिस के लिए ले जाते थे।

# आईजीपीएल जैसी लीग युवाओं को न सिर्फ मंच देगी, बल्कि आर्थिक रूप से सहयोग भी करेगी : गगनजीत सिंह भुल्लर

एजेंसी

नई दिल्ली। अनुभवी भारतीय गोल्फर और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित गगनजीत सिंह भुल्लर ने इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में एक आइकन खिलाड़ी के रूप में करार किया है। वह इस बहुप्रतीक्षित लीग में एक फ्रेंचाइजी टीम का नेतृत्व करेंगे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भुल्लर ने आईजीपीएल को हाल के वर्षों की सबसे रोमांचक गोल्फ पहल बताया और इसमें भाग लेने के पीछे की वजहों को साझा किया। भुल्लर ने कहा, गोल्फ एक व्यक्तिगत खेल है, लेकिन जब भी मुझे देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है, मुझे टीम के रूप में खेलने में हमेशा आनंद आया है। 2006 के दोहा एशियाई खेलों में जब हमने रजत पदक जीता, वह अनुभव आज भी यादगार है। भुल्लर ने कहा, लोगों को शायद यह अंदाजा नहीं होता कि गोल्फ एक बेहद महंगा खेल है। ऐसे में आईजीपीएल जैसी लीग युवाओं को न सिर्फ मंच देगी, बल्कि आर्थिक रूप से भी सहयोग करेगी। यह केवल शोपीस लीग नहीं है, बल्कि इसमें गंभीर प्रतिस्पर्धा और बड़ी इनामी राशि होगी।ङ्क उन्होंने कहा, ल्लजो युवा खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत में हैं, उनके लिए इस तरह की लीग में हिस्सा लेकर पैसे कमाना और खुद के खेल में निवेश करना बहुत बड़ी बात होगी। क्योंकि जब संसाधन नहीं होते, तो शुरुआत में ही बहुत से खिलाड़ी पीछे रह जाते हैं। आईजीपीएल इस खाई को पाटने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, जब मुझे गोल्फ लीग की जानकारी मिली, तो मुझे लगा कि यही वो चीज़ है जिसका मैं इंतजार कर रहा था। क्योंकि हम अक्सर टीम के रूप में नहीं खेल पाते। यह एक ऐसा पहलू था जो मेरे करियर में अधूरा सा लग रहा था। आईजीपीएल भारत की पहली पेशेवर गोल्फ लीग होगी जिसमें पुरुष और महिला खिलाड़ी एक ही मंच पर खेलते नजर आएंगे।

# जसप्रीत बुमराह की तरह भविष्य में सिराज के 'वर्कलोड' पर ध्यान देना होगा: आरपी सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में थकान को धता बताते हुए अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज के 'वर्कलोड (थकान और चोट से बचने के लिए खेल से विश्राम)' पर ध्यान देने की वकालत करते हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि यह तेज गेंदबाज अगर लगातार खेलेगा तो चोटिल होने का जोखिम बना रहेगा। सिराज ने श्रृंखला में इंग्लैंड में 185.3 ओवर डालकर 23 विकेट चटकाये । वह इस श्रृंखला में सबसे अधिक गेंदबाजी करने के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। आरपी सिंह ने साक्षात्कार में कहा, ''सिराज को भविष्य में चोटिल होने से बचाने के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट जरूरी होगा। तेज गेंदबाज अगर कम समय में ज्यादा मैच खेलते हैं तो चोटिल होने का खतरा रहता है। सिराज के कार्यभार को भी उसी तरह से प्रबंधित करना होगा जैसे हमने बुमराह के साथ किया है।'' उन्होंने कहा, '' बेहतर कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह ने विश्व कप (वनडे और टी20) में शानदार गेंदबाजी की थी। सिराज भी उसी श्रेणी का गेंदबाज है। चोटिल होने से बचाने के लिए उसके वर्कलोड पर भी आज नहीं तो कल गंभीरता से ध्यान देना होगा।'' भारत के लिए 14 टेस्ट सहित कुल 82 मैच खेलने वाले आरपी सिंह ने इंग्लैंड दौरे पर दिलेरी और जिम्मेदारी से गेंदबाजी करने के लिए सिराज की तारीफ की। 'जियो हॉटस्टार' के साथ क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर जुडे आरपी सिंह ने कहा, '' सिराज इकलौता गेंदबाज है जिसने पांचों टेस्ट मैच खेले और इन सभी मैचों में पूरे जज्बे और दमखम के साथ गेंदबाजी की। उसने श्रृंखला जिस आखिरी गेंद पर बल्लेबाज को बोल्ड किया वह उनकी इस श्रृंखला की चौथी या पांचवीं सबसे तेज गेंद थी।'' सिराज ने यॉर्कर गेंद पर इंग्लैंड के गस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत को पांचवें टेस्ट में जीत दिलाई थी। उनकी इस गेंद की गति 143 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यह इस श्रृंखला में उनकी पांचवीं सबसे तेज गेंद थी। आरपी सिंह ने कहा, ''यह दर्शाता है कि उनकी ओर से प्रयास में कभी कोई कमी नहीं थी। उन्होंने सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने की कोशिश की और टीम के लिए उम्मीद से बढ़कर योगदान दिया। इस दौरान उसकी फिटनेस और लय शानदार रही।'' सिराज अब तक बुमराह की छत्रछाया में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन इस श्रृंखला के बाद उन्होंने खुद की विरासत तैयार कर ली है। आरपी सिंह ने कहा कि बुमराह की सफलता में भी सिराज का योगदान है। आरपी सिंह ने कहा, '' बल्लेबाजी में जैसे साझेदारी होती है वैसे ही गेंदबाज भी जोड़ी में गेंदबाजी करना पसंद करते हैं। बुमराह ज्यादा विकेट निकालते है और अलग तरह की एक्शन के कारण उनके पास बल्लेबाजों को ज्यादा परेशान करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, '' बुमराह की मौजूदगी में सिराज का काम अपने छोर से दबाव बनाने का होता है और वह इस काम को बखूबी करते हैं। दोनों की जोड़ी बेहद खास रही है और इस जोड़ी काफी अच्छा प्रदर्शन कर के भी दिया है। जब बुमराह टीम में नहीं है तो सिराज हमारे मुख्य तेज गेंदबाज हो गये।'' इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के सिर्फ तीन मैच खेलने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''यह तो पहले से तय था कि वह इस दौरे पर तीन मैच खेलेंगे। बुमराह के साथ अच्छी बात यह है कि जब वह टीम का हिस्सा होते है तो वह आपको विकेट निकाल कर देते हैं। कप्तान को उनसे हमेशा विकेट की उम्मीद रहती है।

# रक्षा बंधन के पहले सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 750 रुपये से 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,230 रुपये से लेकर 1,02,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 93,710 रुपये से लेकर 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,15,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 93,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा आरबीआई : संजय मल्होत्रा

एजेंसी

मुंबई। वैश्विक व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितताओं के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केन्द्रीय बैंक आरबीआई आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में हम जो भी करना जरूरी होगा, करते रहेंगे। बेशक, व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। बेशक, व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। हमें उम्मीद है कि हम एक सौहार्दपूर्ण समाधान निकाल लेंगे। आरबीआई गवर्नर ने मीडिया से बातचीत के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यूपीआई हमेशा मुफ्त नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंततः किसी को डिजिटल भुगतान प्रणाली चलाने का खर्च उठाना ही होगा। संजय मल्होत्रा की यह टिप्पणी यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव के बीच आई है। प्रेस कांफ्रेंस में संजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि मैंने कभी नहीं कहा कि यूपीआई हमेशा के लिए मुफ्त रह सकता है। मैंने बस इतना कहा था कि यूपीआई लेनदेन से जुड़ी लागतें हैं और किसी न किसी को उनका भुगतान करना होगा। इसलिए इस मॉडल की स्थिरता के लिए हमारे लिए ये जरूरी है कि सामूहिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से कोई न कोई भुगतान करे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश के नागरिकों का हित और कल्याण सबसे ऊपर है। देश के नागरिक विशेष रूप से समाज के सबसे निचले तबके पर खड़े लोग हमारे अस्तित्व का मूल कारण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टोक्स की टिप्पणी पर अश्विन ने कहा, बोलने से पहले सोचें, कर्म तुरंत सामने आते हैं

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड के कप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने के बाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे थे। इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए ''बेहद हास्यास्पद'' बताया था। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के नौ विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत थी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, '' एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं। उन्होंने कहा, ''आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौतम गंभीर ने कहा था कि ऐसी चोटों के लिए नए खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए। जब स्टोक्स से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे मज़ाक बताकर टाल दिया। मैं स्टोक्स के कौशल और उनके रवैये का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन वह सोच-समझकर जवाब दे सकते थे। अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन की क्रिकेट के नियमों में बदलाव की जरूरत संबंधी टिप्पणी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''माइकल वॉन ने कहा कि यह एक ऐसा मसला है जिसके लिए नियमों में बदलाव हो सकता है। चोटिल खिलाड़ी की जगह नए खिलाड़ी को शामिल करने की अनुमति होनी चाहिए। स्टोक्स को यह सोचना चाहिए था कि अगर ऋषभ पंत जैसी क्षमता वाला कोई खिलाड़ी उनकी टीम में होता और चोटिल हो जाता तो क्या होता। अश्विन ने कहा, ''क्या आप बदलाव नहीं चाहेंगे? क्या यह उचित नहीं होगा? आप अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन 'मज़ाक' और 'बेतुका' जैसे शब्दों का इस्तेमाल सम्मानजनक नहीं है। बोलने से पहले सोचो। कर्मों का फल तुरंत मिलता है।

### चैपल ने इंग्लैंड की आलोचना की, कहा, सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा, ''सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' में अपने कॉलम में युवा भारतीय टीम की अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रशंसा की, वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ियों, विशेषकर हैरी ब्रुक की आलोचना की, क्योंकि वे परिस्थितियों को समझने में विफल रहे। भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने कहा, ''इस श्रृंखला में इंग्लैंड का सफर उसके सामने चेतावनी पेश करता है। इसे प्रतिभाशाली लेकिन चंचल प्रकृति के हैरी ब्रुक ने मूर्त रूप दिया, जिनकी मैं पहले सार्वजनिक रूप से प्रशंसा कर चुका हूं। उन्होंने कहा, ''उनकी टाइमिंग बहुत अच्छी है। वह कई तरह के शॉट लगा सकते हैं। उनमें आत्मविश्वास है और बल्लेबाजी को सहज बनाने का दुर्लभ कौशल है। लेकिन क्रिकेट, विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, केवल शॉट लगाने के बारे में नहीं है। यह निर्णय लेने के बारे में है। टेस्ट क्रिकेट में यह समझना जरूरी होता है कि कब आक्रामक होकर खेलना है और कब संयम बरतना है। लंदन में पांचवें टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैंड ने 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 301 रन बना लिए थे लेकिन 26 वर्षीय ब्रूक के आउट होने से उसकी टीम लड़खड़ा गई और उसे छह रन से हार का सामना करना पड़ा। चैपल ने कहा, ''सकारात्मकता में कुछ भी ग़लत नहीं है। लेकिन सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। इसका मतलब है आत्मविश्वास से भरा, सोच-समझकर जोखिम उठाना।

### भारत की आर्थिक नीतियों से निकट से मध्यम अवधि में मांग सुधरेगी : हुंदै मोटर एमडी

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) उन्सू किम ने कहा है कि भले ही वैश्विक चुनौतियों बनी हुई हैं, लेकिन भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और सरकार की दूरदर्शी नीतियां वाहन जैसे उपभोक्ता-आधारित क्षेत्रों के लिए बेहतर माहौल तैयार कर रही हैं। उनका कहा कि ऐसे कदमों से कारों की मांग में आने वाले समय में सुधार की उम्मीद है। हुंदै की वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए, किम ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू बिक्री में उद्योग के अनुमान के अनुरूप निचले स्तर पर एकल अंक में वृद्धि होगी, जबकि निर्यात सात से आठ प्रतिशत बढ़ेगा। किम ने अपने संदेश में लिखा, 'वैश्विक व्यवधान, व्यापक आर्थिक अनिश्चितताएं और उच्च आधार प्रभाव वाहन उद्योग के लिए चुनौतियां बने हुए हैं। फिर भी, भारत की आर्थिक मजबूती और रेपो दर में कटौती तथा आयकर में राहत जैसी दूरदर्शी नीतियां हमारे जैसे उपभोग-आधारित क्षेत्रों के लिए अधिक अनुकूल माहौल बना रही हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हमें उम्मीद है कि ये कदम निकट से मध्यम अवधि में वाहनों की मांग में सुधार का समर्थन करेंगे, खासकर जब वित्तपोषण अधिक सुलभ हो जाएगा और ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उसने कुल 7,62,052 वाहन बेचे। इस दौरान घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 5,98,666 इकाई रही और निर्यात 1,63,386 इकाई रहा।

## अमेरिकी शुल्क का भारत के जीडीपी, निर्यात पर 'नगण्य' प्रभाव: अध्ययन

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर घोषित 25 प्रतिशत शुल्क का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर नगण्य प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि इससे अमेरिका को होने वाला सिर्फ 8.1 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पीएचडीसीसीआई ने बुधवार को जारी एक अध्ययन में यह संभावना जताई। अमेरिका द्वारा घोषित शुल्क सात अगस्त, 2025 से लागू होने वाला है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्ययन में अमेरिकी शुल्क के असर को कम करने के लिए कई उपायों की सिफारिश भी की गई है।

# आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.50 फीसदी पर रखा कायम

एजेंसी

■ वित्त वर्ष 2025-26 में सीपीआई आधारित महंगाई दर 3.1 फीसदी रहने का अनुमान

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की सकल घरेलू उत?पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही आरबीआई ने महंगाई दर का अनुमान 3.7 फीसदी से घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद कहा कि सामान्य से बेहतर दक्षिण और पश्चिम मानसून, कम मुद्रास्फीति, क्षमता इस्तेमाल में बढ़ोतरी और अनुकूल वित्तीय स्थितियां घरेलू आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने पहली तिमाही में 6.5 फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.7 फीसदी, तीसरी तिमाही में 6.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.3 फीसदी जीडीपी रहने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही उन?होंने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक



जीडीपी वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जतायाा है। हालांकि, उन?होंने कहा कि जोखिम दोनों ओर समान रूप से संतुलित हैं। आरबीई गवर्नर ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर लगातार आठवें महीने गिरकर जून में 77 महीने के निचले स्तर 2.1 फीसदी पर आ गई। मुख्य रूप से खाद्य मुद्रास्फीति में भारी गिरावट से महंगाई दर नीचे आई है। उन?होंने कहा कि मजबूत सरकारी पूंजीगत व्यय सहित सहायक मौद्रिक, नियामकीय एवं राजकोषीय नीतियों से मांग में तेजी आने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 3.1 फीसदी रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में 2.1 फीसदी, तीसरी तिमाही में 3.1 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए खुदरा महंगाई दर 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान जून में अपेक्षा से अधिक अनुकूल रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सत्यता का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वाराणसी में गंगा की रौद्र लहरें शांत, जलस्तर अभी भी खतरे के निशान के पार

■ तटवर्ती क्षेत्र में बाढ़ का पानी नए इलाकों में प्रवेश किया, जनजीवन अस्त व्यस्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में गंगा की रौद्र लहरें बाढ़ के उच्चतम बिंदु के करीब पहुंच कर शांत और स्थिर हो गई हैं। अब गंगा का जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन खतरा टला नहीं है अभी भी लहरें (जलस्तर) खतरे के निशान 71.26 मीटर से काफी ऊपर बह रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार को सुबह छह बजे गंगा का जलस्तर 72.20 मीटर दर्ज किया गया। गंगा के जलस्तर में औसतन एक सेंटीमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से पानी घट रहा है। पूर्वाह 10 बजे गंगा का जलस्तर 72.12 मीटर पर आ गया। इसके बाद गंगा के जलस्तर में लगभग दो सेंटीमीटर प्रति घंटे गंगा में पानी घटने का क्रम शुरू हो गया। गंगा और वरूणा नदी में उफान से शहर और ग्रामीण अंचल के तटवर्ती निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया था। कहीं कमर भर, तो कहीं छाती भर जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। प्रभावित क्षेत्र से लोग पलायन कर सुरक्षित स्थान या फिर राहत शिविर में पहुंच रहे हैं। गंगा में घटाव का रूख होने के बावजूद तटवर्ती क्षेत्र में बाढ़ का पानी नए इलाकों में प्रवेश कर गया है। दशाश्वमेध स्थित प्राचीन शीतला घाट से गंगा का पानी वीडीए प्लाजा के अन्डर ग्राउंड में पहुंच गया। गंगा में उफान और इसकी वजह से वरुणा में लगातार पलट प्रवाह की वजह से पीड़ित क्षेत्र का दायरा भी बढ़ रहा है। पहाड़ों पर लगातार बारिश और गंगा व कोटा बैराज से पानी छोड़ने के बाद जलस्तर में अतिरिक्त प्रवाह मुसीबत बन गया है। वाराणसी जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की ओर से बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में शहर के 24 मोहल्लों और 32 गांवों में बाढ़ से वहां टापू की स्थिति बन गई है। हजारों परिवार बेघर हो गए हैं और लगभग साढ़े पांच हजार लोग विस्थापित हो चुके हैं। इनमें से 2,877 ने बाढ़ राहत शिविरों तो शेष लोगों ने अन्य ठिकानों में शरण ली है। बाढ़ के चलते 328 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। शहरी क्षेत्रों में घाटों को पार कर पानी सड़कों और गलियों तक आ गया है। मणिकर्णिका घाट की गलियों में नावें चल रही हैं। जिले के पिपरी गांव स्थित बेला धौरहरा मार्ग, बेला बर्थरा खुर्द मार्ग का संपर्क टूट गया है। इन इलाकों में भी एहतियातन बिजली काट दी गई है।

# बलिया : बाढ़ में फंसे शहरी इलाके के सैकड़ों लोगों को एनडीआरएफ ने बचाया

राष्ट्रीय प्रस्तावनान्यूज नेटवर्क



बलिया। उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों की भी मुसीबतें बढ़ गई हैं। बुधवार को शहर के उमरगंज के में गंगा से जुड़े कटहल नाला में बैक फ्लो होने से पचास से अधिक घरों में सैकड़ों लोग फंस गए। जिन्हे प्रशासन ने एनडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू किया। बलिया में गंगा, सरयू व टोंस नदी का जलस्तर अभी भी बढ़ ही रहा है। गंगा का जलस्तर बुधवार को 59.84 मीटर दर्ज किया गया जो मंगलवार के मुकाबले एक सेंटीमीटर अधिक है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि धीमी होने के बावजूद तटवर्ती गावों और शहरी इलाकों में बाढ़ की तबाही जारी है। बीती रात अचानक शहर से सटे उमरगंज में 52 मकानों में रहने वाले 78 परिवारों के 257 लोग फंस गए। उनके घर बाढ़ से पूरी तरह से घिर गए। वे निकल नहीं पा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही एडीएम त्रिभुवन एनडीआरएफ टीम के साथ बुधवार सुबह मोटर बोट से प्रभावित परिवारों तक पहुंचे। एनडीआरएफ टीम ने 110 व्यक्तियों का बचाव किया। सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बाकी लोगों को भी उनके घरों से निकालने का काम जारी है। एडीएम त्रिभुवन ने बताया कि उपजिलाधिकारी तिमराज सिंह को बाढ़ शरणालय को सक्रिय करने का निर्देश दिया गया है। प्रभावित परिवरों को बाढ़ राहत पैकेट भी दिया जा रहा है।

## खो बैराज से रामगंगा नदी में छोड़ा 72 हजार क्यूसेक पानी,मुरादाबाद में मंडराया बाढ़ का खतरा

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। बीते 48 घंटे में जिले में 80 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसी बीच खो बैराज से रामगंगा नदी में 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ गया, जिससे रामगंगा नदी में बाढ़ आ सकती है। जिला प्रशासन ने रामगंगा और ढेला नदी पर बनी सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। बाढ़ खंड विभाग के जेई अरविंद कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को खो बैराज से रामगंगा नदी में 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो आज (बुधवार) शाम तक क्षेत्र में पहुंचेगा। यदि ज्यादा पानी छोड़ा गया तो स्थिति खराब हो सकती है।

# प्रयागराज में गंगा यमुना का लगातार घट रहा जलस्तर, राहत कार्य में जुटी टीमें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में गंगा-यमुना नदियों के जलस्तर में बीते 24 घंटे में कमी आई है। बुधवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए नदियों के जलस्तर में कमी राहत भरी खबर लेकर आई है। वहीं बाढ़ प्रभावित इलाकों में अब संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ गई है, इसको देखते हुए जिलाधिकारी ने दवा का छिड़काव करने के साथ अन्य राहत कार्य तेजी से करने के आदेश दिए हैं। प्रयागराज में बीते 24 घंटे में यमुना नदी के नैनी में जलस्तर 65 सेंटीमीटर घटकर 85.31 मीटर तक आ गया है। नदी के जलस्तर में कमी आने का क्रम आज भी जारी है। यह जिला प्रशासन और बाढ़ ग्रस्त इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए फिलहाल राहत भरी है। इसी तरह बीते 24 घंटे में गंगा नदी के फाफामऊ घाट में 35 सेंटीमीटर जलस्तर कम हुआ है। वर्तमान में 85.74 मीटर जलस्तर है। बक्सी बांध में 85.22 जलस्तर है। यहां उक्त समयांतराल के दौरान 68 सेंटीमीटर जलस्तर कम हुआ है। प्रयागराज से वाराणसी की ओर छतनाग में 84.87 मीटर पर जलस्तर है। यहां 24 घंटे में 49 सेंटीमीटर की जलस्तर में कमी आई है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जलस्तर घटने बाद कहीं गंदगी नहीं रहनी चाहिए। गंदगी की सफाई के साथ ही वहां दवा का छिड़काव लगातार कराया जाए, जिससे कोई संक्रामक रोग न फैलने पाए। इसके साथ बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्य सामाग्री पहुंचाई जाए। स्वास्थ्य विभाग की टीमें शिविरों में जाकर लोगों को आवश्यकतानुसार दवा का वितरण करें।

# अन्नदाता बनेगा परिवर्तन का सूत्रधार, मीरजापुर में कृषि महाकुंभ!

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मीरजापुर। हलिया विकास खंड का हथेड़ा गांव इस 10 अगस्त को कृषि क्रांति की नई कहानी लिखने को तैयार है। गिरिजापूर सेवा समिति और धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के संयुक्त मार्गदर्शन में ''कृषि के माध्यम से भारत का परिवर्तन'' विषयक एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न सिर्फ किसान, बल्कि देश की राजनीति और विज्ञान के दिग्गज भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (कार्यालय प्रभारी) अरुण सिंह, जो इस आयोजन को दिशा देंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के अध्यक्ष एलजी अग्रवाल, मड़ीहान विधायक रमाशंकर पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश पटेल, और बीएचयू के कृषि वैज्ञानिकों की टीम। इस कार्यशाला में हलिया विकास खंड की 79 ग्राम पंचायतों से लगभग 1000 किसान यानी ''अन्नदाता'' हिस्सा लेंगे, जिन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक विधियों और उन्नत बीजों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। गिरजापुर सेवा समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ सुधीर सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सिर्फ किसानों को तकनीकी जानकारी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ''कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत'' के निर्माण में भागीदार बनाना है। कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जो योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का भी समाधान करेंगे।

## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उ.प्र)

# रक्षाबंधन पर बहनों को झटका: सिस्टम अपडेट के चलते पोस्ट ऑफिस से नहीं भेजी जा सकेंगी राखियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और पारंपरिक पर्व के मौके पर डाक विभाग की लापरवाही बहनों पर भारी पड़ रही है। कंप्यूटर सिस्टम अपडेट के नाम पर बीते पांच दिनों से डाक विभाग द्वारा रजिस्ट्री सेवा बाधित कर दी गई है, जिससे जिले के हजारों भाई-बहनों का त्योहार फीका होता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक 1 अगस्त से जिले के मुख्य डाकघरों अजीतमल, औरैया, बाबरपुर और मुरादगंज में रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इसका सीधा असर उन बहनों पर पड़ रहा है, जो समय से पहले अपने परदेश में रहने वाले भाइयों को राखी भेजना चाहती थीं। अब जबकि 9 अगस्त को रक्षा बंधन का पर्व है, तो बहनों की उम्मीदें टूटती नजर आ रही हैं। पोस्ट ऑफिस में राखी लेकर पहुंची महिलाएं मायूस होकर लौट रही हैं। उनका कहना है कि विभाग को यह सिस्टम अपडेट रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के बाद करना चाहिए था। अब लाखों की संख्या में राखियां न समय पर पहुंच पाएंगी और न ही भाइयों की कलाई पर बंध पाएंगी। वरिष्ठ डाक अधीक्षक चंद्रशेखर से फोन पर जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि विभागीय तकनीकी अपग्रेडेशन के तहत यह कार्यवाही की जा रही है, और मंगलवार तक सिस्टम सामान्य होने की संभावना थी। लेकिन मंगलवार बीत जाने के बावजूद सेवाएं सुचारु नहीं हो पाई हैं। यही नहीं, रजिस्ट्री सेवा के साथ-साथ पहले से आई हुई रजिस्टर्ड डाक भी लोगों तक वितरित नहीं हो पा रही है। डाक विभाग की इस लापरवाही से विभाग को जहां राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं आमजन की भावनाओं पर भी आघात पहुंच रहा है। रक्षा बंधन जैसे रिश्तों के पर्व पर ऐसी अनदेखी से बहनों में खासा आक्रोश है।

# बाढ़ ने किसानों की मेहनत पर फ़ेरा पानी, 20 गांवों में 270 हेक्टेयर फसल तबाह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। यमुना और चंबल नदियों में आई भीषण बाढ़ ने अजीतमल तहसील क्षेत्र के किसानों की महीनों की मेहनत को पल भर में तबाह कर दिया। बाढ़ के चलते क्षेत्र के 20 गांवों में लगभग 270 हेक्टेयर में खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। खेतों में पानी भर जाने से फसलें सड़ने लगी हैं, बाढ़ के साथ आई रेत और कीचड़ ने खेतों की उर्वरता को भी बर्बाद कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों में किसान परेशान और बेबस नजर आ रहे हैं। खेतों में बाजरा की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। कई किसान अपने खेतों से खुद ही बाल्टियों और बर्तनों से पानी निकालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन राहत की कोई ठोस व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। बाढ़ से प्रभावित प्रमुख गांवों में सिकरोड़ी, जूहीखा, गूंज , ततारपुर, फरिहा, असेवा, असेवता, सिकरोड़ी, जाजपुर, बडेरा, सहित 20 से अधिक गांव शामिल हैं, जहाँ किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। तहसील प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की टीमों को नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व कर्मियों ने गांव-गांव जाकर नुकसान का जायजा लेना शुरू कर दिया है। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। अजीतमल उपजिलाधिकारी निखिल राजपूत ने बताया कि सर्वे के लिए लेखपाल व कानूनगो की टीम बनाई गईं वह खेतो के नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट बनाये उसके हिसाब से किसानो मुआवजा दिया जायेगा।

# गंगा और वरुणा नदियों में तैराकी पर प्रतिबंध जर्जर मकानों को खाली करने की अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गंगा और वरुणा नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुई हैं। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने नदियों में तैराकी (स्विमिंग) पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जर्जर मकानों में रह रहे लोगों से अपील की गई है कि वे तत्काल मकान खाली कर बाढ़ राहत केंद्रों में शरण लें। पुलिस कमिश्नर ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का बुधवार को जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रतिबंध के बावजूद कोई व्यक्ति नदियों में तैरता पाया गया तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त, निजी नावों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर नाव जब्त कर चालक को भी जेल भेजने का निर्देश जारी किया गया है। रात्रिकालीन गश्त पर विशेष ज़ोर देते हुए पुलिस कमिश्नर ने कहा कि खाली मकानों में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की नियमित रात्रि पेट्रोलिंग की जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि रात्रि में बिना कारण नाव या पैदल बाढ़ प्रभावित इलाकों में घूमना संभावित आपराधिक मंशा माना जाएगा। पुलिस कमिश्नर ने बाढ़ राहत केंद्रों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, गंगा और वरुणा नदी क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों और पेट्रोलिंग बोट के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, जल पुलिस और थाना पुलिस की संयुक्त टीमें तैनात की जाएंगी। अफसरों को निर्देश दिया गया है कि वे 24x7 पेट्रोलिंग, रेस्क्यू और अनाउंसमेंट जारी रखें। पुलिस कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा, पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन गौरव बंशवाल, वरुणा ज़ोन के डीसीपी प्रमोद कुमार, डीसीपी (अपराध) सरवणन टी. सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## गंगा में डूबने से अधेड़ की मौत, गांव में शोक

**मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के बजहा गांव में बुधवार को गंगा में डूबने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। राजेंद्र यादव पुत्र दयाराम उर्फ पुल्लू यादव अपने घर के सामने गंगा में भैंस हांकने गए थे, जहां अचानक पैर फिसल जाने से वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना के दौरान शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत उन्हें खोजने का प्रयास शुरू किया। करीब 100 मीटर दूर झंकार के पास राजेंद्र को गंगा से बाहर निकाला गया और तत्काल कछवां क्रिश्चियन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेंद्र यादव अपने दो भाइयों में बड़े थे। छोटे भाई जग्गू यादव गांव के पूर्व प्रधान रह चुके हैं। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं, सभी की शादी हो चुकी है। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। घटना की सूचना पर कानूनगो, लेखपाल और चौकी इंचार्ज पुनीत कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# विधायक उमाशंकर सिंह ने सीएचसी रसड़ा के कायाकल्प का बीड़ा उठाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बलिया। प्रदेश भर में दानवीर की छवि रखने वाले रसड़ा के बसपा विधायक उमाशंकर सिंह का एक और उदार चेहरा सामने आया है। ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के बाद उमाशंकर सिंह ने अपने विस क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रसड़ा सीएचसी के नए भवन से लेकर अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों को लगाने में आने वाला सारा खर्च वहन करने की घोषणा की है।

रसड़ा शहर के बीचोबीच स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाके का एकमात्र ऐसा अस्पताल है जो लाखों लोगों का आसरा है। समय के साथ अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं नाकाफी साबित हो रही हैं। जिसकी शिकायतें क्षेत्रीय विधायक होने के नाते उमाशंकर सिंह तक लगातार आती रही हैं। लेकिन, अब वे इस सरकारी अस्पताल को संवारने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने घोषणा की है कि अपने निजी खर्च से वे रसड़ा सीएचसी को मॉडल बनाएंगे। इसे लेकर उन्होंने डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से बात करने के बाद मंगलवार देरशाम डीएम से भी मुलाक़ात की। उल्लेखनीय है कि विधायक उमाशंकर सिंह ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के बाद बीते कुछ दिनों से अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। अपने बेटे प्रिंस युकेश सिंह के जन्मदिन पर वे सीधे रसड़ा सीएचसी पहुंचे और अस्पताल के भवन को नए सिरे से बनाने का खाका चिकित्साधिकारी की मौजूदगी में सैकड़ों लोगों के बीच साझा किया। गरीबों के मसीहा और विकास पुरुष के रूप में विख्यात उमाशंकर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को बड़ा तोहफा देते हुए निजी खर्च से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की घोषणा की। उन्होंने घोषणा किया कि वे सम्पूर्ण हॉस्पिटल का सुंदरीकरण कराएंगे। जिसमें प्रवेश और निकास द्वार, अत्याधुनिक शौचालय, आधुनिक बेड की व्यवस्था, एयर कंडीशन की व्यवस्था, समूचे हॉस्पिटल की बिजली वायरिंग, पंखे, जनरेटर, सोलर पैनल, अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, ब्लड रिलेटेड जांच की मशीन के साथ ही और अन्य आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराये जाएंगे। इसके अलावा अच्छे डॉक्टर की पोस्टिंग भी कराई जाएगी। विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि मैं एक गंभीर बीमारी से उबरा हूं। मैं इस पीड़ा को समझता हूं कि स्वास्थ्य सुविधा का बेहतर होना कितना महत्वपूर्ण है। इसके लिए मैंने सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से टेलीफोन पर बात की है। उन्होंने भी हामी भरी है। जिले के सीएमओ से भी बातचीत चल रही है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि रसड़ा सीएचसी को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने में जितना भी खर्च आएगा, सब वहन करूंगा।